दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। रविवार 21 जुलाई -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 282 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## सीएम योगी ने किया पौधरोपण बोले- ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी का संज्ञान लेकर बना रहे धरती माता को हरा-भरा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी अत्यधिक गर्मी तो कभी अतिवृष्टि और कभी असमय बाढ़ भविष्य के प्रति आगाह करने वाली तथा ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी है। इस चेतावनी का संज्ञान लेकर हम धरती माता को फिर से हरा-भरा बनाने के संकल्प को पूरा करने में जुटे हैं। इस संकल्प की कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकार ने व्यापक जनसहभागिता से उत्तर प्रदेश एक दिन में 36.50 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य हासिल कर नया कीर्तिमान रच दिया है। मुख्यमंत्री ने इस नए रिकॉर्ड के लिए सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

सीएम योगी शनिवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम को समर्पित पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के अंतर्गत शनिवार शाम शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में पारिजात पौधे का रोपण करने के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण में आ रहे परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि इस वर्ष की गर्मी लोगों को लंबे समय तक याद रहेगी। अमूमन गोरखपुर और आसपास के जिलों में 42-43 डिग्री तापमान रहता था, लेकिन इस वर्ष तापमान 46-47 डिग्री तक पहुंच गया। अत्यधिक गर्मी, भीषण लू, अतिवृष्टि, असमय बाढ़, कभी सूखा पड़ जाना, ये सभी ग्लोबल वार्मिंग की तरफ ध्यान आकृष्ट करते हैं। गत वर्ष अक्टूबर में बाढ़ आई, जबकि पहले अधिकतम 15 सितंबर तक बाढ़ आती थी।



### प्रकृति कर रही आगाह, समय रहते करना होगा सुधार

सीएम योगी ने कहा कि कभी जुलाई के प्रथम सप्ताह में बाढ़ नहीं आती थी। पर, इस वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में बाढ़ आई और इससे प्रदेश के 24 जिले प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि मौसम में यह बदलाव भविष्य के प्रति आगाह करने वाला है। हमें समय रहते सुधार करना होगा अन्यथा प्रकृति अपने हिसाब से सुधार करेगी। प्रकृति की इस चेतावनी का संज्ञान लेकर आज पूरे प्रदेश में जनता जनार्दन की सहभागिता से रिकॉर्ड पौधरोपण किया गया है। पीएम मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम का अनुसरण करते हुए प्रदेश में हर व्यक्ति, संस्था, विभाग इस पवित्र कार्य से जुड़े हैं। राज्य में एक व्यक्ति की तरफ से मां के नाम तीन-तीन पेड़ लगाए गए हैं। हर तरफ एक ही आह्वान नजर आया, पेड़ लगाना है, पेड़ बचाना है और पर्यावरण को बचाना है।

### इको टूरिज्म स्पॉट बनेगी कुकरैल नदी

सीएम योगी ने कहा कि 50 साल पहले लखनऊ में कुकरैल नदी का गोमती नदी में संगम होता था। 50 सालों में इसे पाटकर भूमाफियाओं ने कब्जा कर लिया। वहां बांग्लादेशी और रोहिंग्या तक बस गए। कुकरैल नदी को उसका स्वरूप देने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर अभियान चलाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा। अब कुकरैल नदी को इको टूरिज्म के स्पॉट के रूप में निखारा जा रहा है। वहां भगवान श्रीराम के छोटे भाई लक्ष्मण जी के नाम पर सौमित्र वन बसाया जा रहा है। सीएम योगी ने गोरखपुर के गोड़धोइया नाला परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे जलनिकासी की समस्या का समाधान होगा। नालों से अतिक्रमण हटेगा तभी शहरों में जलभराव को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि कभी भी गलत को प्रश्रय नहीं देना है।

### सात वर्ष में 168 करोड़ पौधरोपण का कीर्तिमान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत सात वर्ष में प्रदेश में 168 करोड़ पौधरोपण कर कीर्तिमान रचा गया है। इनमें से 75-80 प्रतिशत पेड़ सुरक्षित भी हैं। कहीं नक्षत्र वाटिका बनाई गई है तो कहीं नवग्रह वाटिका और हरिशंकरी वाटिका। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पौधों की कमी नहीं है। वन व उद्यान विभाग तथा निजी नर्सरियों के पास 50 करोड़ पौधे थे। इनमें से 36.50 करोड़ का इस्तेमाल आज के अभियान में हुआ है और शेष पौधों का भी क्रमिक रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब वैश्विक संस्थाएं भी उत्तर प्रदेश में पौधरोपण को मान्यता दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन उत्सर्जन से पर्यावरण को क्षति हो रही है। उसके बचाव के लिए किसानों ने पेड़ लगाने के साथ ही कार्बन क्रेडिट अभियान के साथ अपना पंजीकरण कराया। सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश के 25 हजार किसानों को कार्बन क्रेडिट के लिए 200 करोड़ का अनुदान प्राप्त हो रहा है।

## कांवड़ महोत्सव तैयारी को लेकर प्रमुख सचिव नगर विकास ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## महापौर और नगर आयुक्त ने साझा की योजना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा महोत्सव को लेकर गाजियाबाद में उत्साह दिखाई दे रहा है। गाजियाबाद नगर निगम भी पूरी तैयारी से व्यवस्था में जुटा हुआ है। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर पर भी व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए लगातार अधिकारियों का प्रयास चल रहा है। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात द्वारा भी कांवड़ महोत्सव को लेकर तैयारी का जायजा लिया गया। इस मौके पर महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक भी रहे।

कांवड़ रखने के स्थान से लेकर कांवड़ियों के बैठने, आराम करने के लिए समुचित व्यवस्था की तैयारी चल रही है। प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात को अधिकारियों ने कांवड़ महोत्सव तैयारी की प्लानिंग साझा की।

### निगम करेगा फूलों की बारिश से शिव भक्तों का स्वागत- महापौर सुनीता दयाल

### कांवड़ यात्रा के दौरान 24 घंटे व्यवस्था में रहेगी अधिकारियों की टीम- नगर आयुक्त इन्द्र विक्रम सिंह

### महापौर एवं नगर आयुक्त ने सांई उपवन में लगने वाले नगर निगम के कांवड़ शिविर का भी कराया प्रमुख सचिव को निरीक्षण



### महंत नारायण गिरी से की मुलाकात

करंट क्राइम : कांवड़ रूट के अलावा साईं उपवन, दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंच कर चल रही तैयारियों का जायजा लिया गया। अमृत अभिजात प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा नगर आयुक्त और निगम के समस्त अधिकारियों को मार्गो को सुव्यवस्थित करने के लिए कहा साथ ही बैरिकेडिंग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। इसी क्रम में दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत श्री नारायण गिरी से भी मुलाकात की। जिनके द्वारा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सरहाना की गई। वहीं प्रकाश व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है, महंत द्वारा बताया गया।



### बैरिकेडिंग की रहेगी पूरी व्यवस्था

करंट क्राइम : श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बैरिकेडिंग का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है। मंदिरों के बाहर भी आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग की जा रही है। कांवड़ियों के ठहरने के लिए आयोजित कांवड़ शिविर जो कि साई उपवन में गाजियाबाद निगम द्वारा व्यवस्थित किया जाता है ,उसका भी जायजा लिया गया। इसी के साथ-साथ अन्य शिविरों में भी साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। टीम को निर्देश दिए गए।

### शिव भक्तों पर होगी पुष्प वर्षा

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया की कांवड़ यात्रियों पर पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फूलों की वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं साफ-सफाई की तैयारी को भी पूर्ण रूप से व्यवस्थित किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कांवड़ महोत्सव के दौरान 24 घंटे निगम अधिकारियों की टीम मौके पर बनी रहेगी। जिसके लिए टाइम टेबल निश्चित करते हुए सभी को आदेशित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मंदिर के अंदर भी व्यवस्था को प्रबल करने के लिए तैयारी चल रही है। जिसका जायजा लिया गया, मौके पर समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने किया लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से अनुरोध आप हैं सिविल एन्क्लेव हिंडन हवाई अड्डा गाजियाबाद के अध्यक्ष और करें अध्यक्षता स्वीकार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कुछ दिन पहले हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से फ्लाईट ना उड़ने का मामला उठाया था। उन्होंने संसद में भी सवाल लगा दिया है और ये मुद्दा संसद में गूंजेंगा। अतुल गर्ग के बयान के बाद पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का बयान आया था और उन्होंने बताया था कि माह अगस्त में इस एयरपोर्ट से फ्लाईट शुरू हो जायेंगी। इसके बाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम के माध्यम से ही ये पूछा कि क्या क्या काम हुए हैं, उसकी सूची मिल जाये जाये तो बेहतर रहेगा। बहरहाल एयरपोर्ट से फ्लाईट का मामला जब अतुल गर्ग ने उठाया तो पूरा विमान मंत्रालय ही लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के दर पर आ गया।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने अतुल गर्ग को पत्र लिखा और कहा कि आप सिविल एन्क्लेव हिंडन हवाई अड्डा गाज़ियाबाद समिति के अध्यक्ष लोकसभा सांसद होने के नाते हैं। यह सिविल एन्क्लेव हिंडन हवाई अड्डा आपके निर्वाचन क्षेत्र गाजियाबाद क्षेत्र में समाहित हैं।

आप इस समिति के अध्यक्ष हैं और विमान पत्तन निदेशक, सिविल एन्क्लेव हिंडन हवाई अड्डा, उमेश यादव ने पत्र लिखकर सांसद अतुल गर्ग से अनुरोध किया कि वह सिविल एन्क्लेव हिंडन हवाई अड्डा सलाहकार समिति की अध्यक्षता स्वीकार करें।

### सांसद अतुल गर्ग बुलायेंगे जल्द ही सलाहकार समिति की बैठक

करंट क्राइम। एयरपोर्ट अथॉरिटी के निवेदन को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने स्वीकार किया। गौरतलब है कि हवाई अड्डे पर विमान पत्तन सलाहकार समिति का गठन यात्रियों के लिए सुगम एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने तथा हवाई अड्डे के प्रबन्धन में सामाजिक हिस्सेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री के अनुबंध के अन्तर्गत यह तय है कि हवाई अड्डे के क्षेत्र से सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ही विमान पत्तन सलाहकार समिति के पदेन अध्यक्ष होंगे। अतुल गर्ग ने समिति के अध्यक्ष पद को संभाल लिया है और उनका कहना है कि जल्द ही सभी सदस्यों की बैठक बुलाई जायेगी। सलाहकार समिति के सभी सदस्यों की बैठक एक वर्ष में दो बार होती है।

## मेयर सुनीता दयाल ने सुनी महिला सफाई कर्मचारियों की समस्या

### कहा जल्द समय से मिलेगा वेतन और खत्म होंगी परेशानियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम में बीते कई दिनों से महिला सफाई कर्मचारी प्रदर्शन और आंदोलन कर रही हैं। शुक्रवार को भी महिला सफाई कर्मचारियों ने निगम के खिलाफ हल्ला बोला था। उनका कहना है कि उनका समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही उनको नियमित करने को लेकर भी कोई हल नहीं हो पा रहा है। वहीं इनको वेतन मिले हुए दो माह से अधिक का समय हो गया है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई की फीस नहीं दे पा रहे हैं। तो घर में खाने-पीने के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है।

शनिवार को महापौर सुनीता दयाल ने महिला सफाई कर्मचारी और यूनियन के नेताओं से मुलाकात की और आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को लखनऊ में रखेंगी। साथ ही कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अवस्था ना हो, इसके लिए सफाई कर्मचारी अपनी ड्यूटी ठीक प्रकार से करने के लिए भी कहा है। वहीं मेयर ने भरोसा दिलाया है कि अगस्त माह की सैलरी समय पर दिलवाने के लिए उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह महिला सफाई कर्मचारियों के लिए कई और बेहतर प्रयास कर रही हैं। महिला सफाई कर्मचारियों से जब महापौर सुनीता दयाल पूरे प्रकरण पर बातचीत कर रही थी, तो उन्होंने अपना रूख स्पष्ट किया, तो उसके बाद महिलाओं और सफाई कर्मचारी यूनियन के नेताओं ने महापौर का आभार जताते हुए उनके समर्थन में जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए।

### मेयर ने कहा कांवड़ यात्रा में सफाई व्यवस्था नहीं हो बाधित

**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को महिला सफाई कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा कि वह कर्मचारियों के पक्के होने के लिए भी प्रयास कर रही हैं। साथ ही अन्य भत्ते भी उनको मिलेंगे। इसके लिए शासन में बात रखेंगी। इस दौरान महापौर सुनीता दयाल ने सफाई कर्मचारी और महिलाकर्मियों से अपील की है की कांवड़ यात्रा के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था किसी भी प्रकार से बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को सदन में भी रखने का काम करवायेंगी।

## बार एसोसिएशन चुनाव में सचिव पद को लेकर जारी रहा घमासान, मारपीट और वोट लूटने के लगे गंभीर आरोप

## 25 जुलाई को पुनः होगा सचिव पद के लिए मतदान



**गाजियाबाद , करंट क्राइम ।** शुक्रवार की देर रात तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद का चुनाव चला। देर रात परिणाम के बाद दीपक शर्मा बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नए अध्यक्ष बने हैं। तो वहीं सचिव पद को लेकर अभी भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद में घमासान वाला सीन बना हुआ है। बार एसोसिएशन का चुनाव कर रही कमेटी का कहना है कि सचिव पद पर नाम की घोषणा अभी नहीं की गई है। उधर अधिवक्ता नाहर सिंह यादव ने कहा है कि अभी चुनाव कमेटी जल्द निर्णय करेगी कि इस पूरे विवाद के बाद क्या करना है। वहीं पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अधिवक्ताओं में रात को मारपीट और वोट लूटने के आरोप लगे थे। देर रात से लेकर शनिवार सुबह तक हंगामा, प्रदर्शन, धरना चला लेकिन सचिव पद पर विजेता की घोषणा नहीं हो पाई है। सचिव पद पर हरेंद्र गौतम ,अमित नेहरा और वरुण त्यागी ने चुनाव में भागेदारी की थी।

### कार्यकारिणी ने लिया पुनः वोटिंग का फैसला

करंट क्राइम : शनिवार रात वर्तमान कार्यकारी सचिव स्नेह त्यागी ने जानकारी दी है कि सचिव पद के तीनों प्रत्याशियों से बातचीत करने और बार के वरिष्ठ पदाधिकारी के बाद अधिवक्ताओं के हित में निर्णय लेते हुए यह तय किया गया है कि 25 जुलाई को सचिव पद के लिए पुन मतदान किया जाएगा ।मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम तक चलेगी और फिर उसी दिन मतदान के परिणाम घोषित किए जाएंगे। सचिव पद पर मतदान के दौरान दो अवैध वोट पाए गए थे जबकि 18 वोट निरस्त हुए थे। सचिव पद के लिए हरेंद्र गौतम और अमित नेहरा के बीच करीबी मुकाबला था। कई बार की रिकाउंटिंग के बाद भी सचिव पद पर जीत सुनिश्चित न होने के बाद 25 जुलाई को दोबारा से वोटिंग का फैसला किया गया है।

### 2553 अधिवक्ताओं ने डाले थे वोट

करंट क्राइम : शुक्रवार को हुए गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अलग-अलग पदों के लिए मतदान हुआ था। मतदान में जिला बार एसोसिएशन के कुल 2779 अधिवक्ता पंजीकृत हैं। जिसमें कुल 2553 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

### हरेंद्र गौतम बोले- बैलेट पेपर लूटने की कोशिश हुई



करंट क्राइम : सचिव पद पर सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाले हरेंद्र गौतम ने कहा- 892 वोट मुझे और 891 वोट अमित नेहरा को मिले हैं। 754 वोट वरुण त्यागी को मिले हैं। 18 वोट निरस्त हुए हैं। रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। मुझे सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। मैं बार का सचिव निर्वाचित हुआ हूं। हरेंद्र गौतम ने ये भी कहा- बॉबी चौधरी व अन्य द्वारा 6 बार काउंटिंग कराई गई। बैलेट पेपर लूटने की कोशिश की गई। मारपीट में घायल अधिवक्ता ओमप्रकाश सिंह अस्पताल में भर्ती हैं। कई और अधिवक्ता घायल हैं। उनकी तरफ से थाने पर तहरीर दे दी गई है। कई बार रिजल्ट बदलवाने की कोशिश की गइ है।

# पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के समकक्ष से की फोन पर बात



दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मस्यूटिकल्स, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए।

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने न्यूजीलैंड के समकक्ष क्रिस्टोफर लक्सन से फोन पर बातचीत की। इस दौरान लक्सन ने उन्हें लोकसभा चुनाव में दोबारा जीत पर बधाई दी। दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मस्यूटिकल्स, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) की ओर से आज एक बयान जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने इस बात पर गौर किया कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के बीच करीबी संबंधों पर आधारित हैं। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को आने वाले वर्षों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। इसमें आगे कहा गया, दोनों नेता व्यापार और आर्थिक सहयोग, पशुपालन, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, अंतरिक्ष सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों के हितों की देखबाल के लिए लक्सन को धन्यवाद दिया। वहीं लक्सन ने उनकी सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर पयार्सों का आश्वासन दिया। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं प्रधानमंत्री क्रिसोटफर लक्सन को उनकी फोन कॉल और गर्मजोशी से बधाई के लिए धन्यवाद देता हूं। हमने भारत और न्यूजीलैंड के बीच उन संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और लोगों के आपसी संबंधों में निहित हैं। न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासियों की सुरक्षा और भलाई के लिए मैं उनकी सराहना करता हूं।

# राज्य में घट रही जनजातीय आबादी, सरकार बनने पर 'श्वेत पत्र' लगाएगी भाजपा, रांची में गरजे शाह

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में भाजपा झारखंड की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा की झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार देश में सबसे भ्रष्ट है, जो करोड़ों रुपये के भूमि, शराब, खनन घोटाले में शामिल है।

इस दौरान उन्होंने दावा किया कि बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण झारखंड में जनजातीय आबादी घट रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा राज्य में सरकार बनाती है तो वह जनसांख्यिकी पर एक 'श्वेत पत्र' लाएगी ताकि उनकी भूमि और अधिकारों की रक्षा की जा सके।



### झारखंड में 81 में से 52 सीटें जीतेगी भाजपा- अमित शाह

रांची में पार्टी की बैठक में अमित शाह ने कहा कि - इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस की संयुक्त सीटों से अधिक सीटें मिली हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव हारने के बावजूद राहुल गांधी अहंकार दिखा रहे हैं और हार स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड में भाजपा सरकार बनाएगी और 81 में से 52 सीटों पर कब्जा जमाएगी।

### चुनाव हारने के बाद भी लोगों में अहंकार- अमित शाह

भाजपा कार्यसमिति की बैठक को संबोधित हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कई बार हम देखते हैं कि लोकतंत्र में जीतने के बाद अहंकार आ जाता है, झारखंड में ऐसे लोग सत्ता में हैं। लेकिन हारने के बाद भी अहंकार, ये मैंने पहली बार देखा है। चुनाव कौन जीता, ये तो सबको पता है, लेकिन कांग्रेस में जो अहंकार है, वो हम सबने देखा है।

### रांची पुलिस ने एक शख्स को किया गिरफ्तार

वहीं गृह मंत्री अमित शाह के शहर में कार्यक्रम के दौरान एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस मामले में डीएसपी हटिया प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा, वो शख्स काफिले (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के काफिले) में शामिल नहीं था। हालांकि, वह तेज गति से गाड़ी चला रहा था और काफिले का पीछा कर रहा था, इसलिए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### 'सांसद के घर से 300 करोड़ मिले, कांग्रेस दे जवाब'

इस दौरान उन्होंने कहा- कि झारखंड के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए मिलते हैं, एक नेता के पीए के घर से 30 करोड़ मिलते हैं, कांग्रेस पार्टी जवाब दे ये पैसे किसके हैं? जिसके घर से पैसे मिले हैं, कांग्रेस उसको फिर से टिकट देगी, क्योंकि अगर उसकी टिकट काटी तो वो बता देगा कि ये पैसा किसका है।

# एक-दो माह में खोड़ा को पीने योग्य पानी दो, नही तो होगा आंदोलन: डॉली शर्मा





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता व गाजियाबाद लोकसभा पूर्व प्रत्याशी डॉली शर्मा ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार और नगरपालिका प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि एक-दो महीने में खोड़ा-मकनपुर कॉलोनी में पीने योग्य पानी की गम्भीर समस्या का समाधान नहीं किया गया। तो कांग्रेस इनके खिलाफ आंदोलन चलाएगी।

डॉली शर्मा स्थानीय वार्ड नम्बर 8 प्रगति विहार स्थित खाटू श्याम, संतोषी माता मंदिर के सभागार में प्रवासी सेवा संगठन द्वारा आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने सत्ताधारी स्थानीय सांसद अतुल गर्ग और विधायक सुनील शर्मा पर लानत कसते हुए कहा कि ये लोग जब अपनी सरकार रहते हुए भी खोड़ा के लोगों के वाजिब काम नहीं करवा रहे हैं, तो इनके होने या न होने का क्या मतलब रह जाता है। मुझे 5 लाख 17 हजार लोगों ने वोट दिया है, उनके हक की लड़ाई मैं इनसे लड़ती रहूँगी। जिन लोगों ने मुझे वोट नहीं भी दिया, उनके काम की लड़ाई भी मैं लड़ूंगी, यह उन्हें भी विश्वास दिलाना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है। जब बड़ी कॉलोनियों में एक दिन भी पानी नहीं आता है तो लोग परेशान हो उठते हैं, लेकिन यहां तो यह रोजमर्रा की बात है जिससे हमारी माताएं-बहने, भाई बन्धु जूझते रहते हैं। इसलिए आपकी बात को अब मैं आगे बढ़ाऊंगी। मुझे पता है कि प्रशासन से लोगों के काम कैसे करवाये जाते हैं। यदि ये अनुनय-विनय की बात नहीं समझेंगे, तो सड़क से संसद और मोहल्ले से विधानमंडल तक इनकी ईंट से ईंट बजा दूंगी। ये लड़ाई लंबी चलेगी, लेकिन आपको पानी मिलने के बाद ही थमेगी। यह मैं अपनी पार्टी की ओर से वादा करती हूं। खोड़ा में लगभग 47 हजार भवन हैं। यहां लगभग 12 लाख लोग रहते हैं, इनके साथ अब और प्रशासनिक अत्याचार और उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनीत त्यागी ने भी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके हकहुकूक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी डॉली शर्मा के नेतृत्व में पूरी शिद्दत से लड़ेगी। इस अवसर पर नसीम खान, मनोज भारद्वाज, अमित यादव, कपिल यादव, बिहार पूर्वांचल से वार्ड 14 के सभासद विनोद बिहारी, वार्ड नम्बर 28 से सभासद साहिल मलिक, सीपी शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रामकिशन शर्मा, अंकित राणा, जितेंद्र शुक्ला, बाबू मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

# पौधारोपण को लेकर शहर वासियों में दिखा उत्साह

## महापौर, प्रमुख सचिव नगर विकास, और नगर आयुक्त ने साई उपवन में लगाए फलदार पौधे

### पौधे लगाने के साथ-साथ उनको बचाने का भी हो संकल्प

- आज लगाया हुआ पौधा कल को बेहतर बनाएगा- अमृत अभिजात



गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगभग 1 लाख 45000 पौधे लगाए गए। जिसमें अभियान के रूप में पौधारोपण का कार्य किया गया। शहर के ऐसे स्थान जहां पर आवश्यकता थी वहां पर पौधा लगाया गया। पौधा लगाते समय पौधा बचाने की व्यवस्थाओं को भी बनाया गया। अधिकांश शहर निवासियों ने भी पौधों की जिम्मेदारी ली तथा उनको बचाने के लिए संकल्प भी लिया। शहर के पांचो जोन में पौधारोपण का कार्य बृहद अभियान के रूप में चला कई सामाजिक संस्थाओं ने भी हिस्सा लिया। विद्यालयों, सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों ने भी प्रतिभाग किया। उत्साह पूर्वक पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में पौधारोपण महोत्सव मनाया गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग माली तथा सुपरवाइजर भी व्यवस्था में लग रहे। प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति की गई 130000 से अधिक पौधे लगाए गए। लगभग गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत 145000 पौधे लगाए गए। साई उपवन में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग उपस्थित हुए। जिनके द्वारा अपने नाम का आम का पौधा लगाया गया। इसी प्रकार महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त द्वारा भी अपने नाम का पौधा लगाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा उपस्थित जनों को पौधा लगाने के साथ-साथ पौधा बढ़ाने के लिए भी जागरूक किया गया। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों को शत प्रतिशत पौधा बचाव के लिए कार्यवही करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त द्वारा पार्षदों तथा क्षेत्र वासियों का विशेष सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, सीडीओ गाज़ियाबाद सहित समस्त विभागीय अधिकारी भी उपस्थित हुए।

# अंधविश्वास, जादू-टोने जैसी प्रथाओं को खत्म करने की मांग

## याचिका दायर कर सख्त कानून बनाने की अपील



- कुछ अंधविश्वासी प्रथाएं, जो क्रूर, अमानवीय और शोषणकारी हैं, उनसे निपटने के लिए विशेष रूप से कानून बनाने की आवश्यकता है।

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकार को अंधविश्वास, जादू-टोने जैसी प्रथाओं को खत्म करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि समाज में व्याप्त अवैज्ञानिक कृत्यों को खत्म करने के लिए एक सख्त अंधविश्वास और जादू-टोना विरोधी कानून को लाने की जरूरत है। याचिका में कहा गया है कि अंधविश्वास और जादू टोने जैसी प्रथाएं समुदाय पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। साथ ही फर्जी लोगों द्वारा निर्दोष नागरिकों के शोषण पर भी रोक लगनी चाहिए।

याचिका में कहा गया है, 'समाज में मौजूद तर्कहीन विचारों की समस्या से निपटने के लिए एक सख्त अंधविश्वास और जादू-टोना विरोधी कानून की तुरंत जरूरत है। हालांकि, उन सभी को केवल कानून के बल पर खत्म नहीं किया जा सकता है। इसके लिए मानसिक परिवर्तन आवश्यक है। इस सामाजिक मुद्दे से निपटने के लिए कानून लाने का मतलब केवल आधी लड़ाई जीतना होगा।'

याचिका के अनुसार, 'सूचना अभियानों के जरिए और समुदाय/धार्मिक नेताओं को अभियान में शामिल करके इस तरह की कुप्रथाओं को दूर करने के लिए लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की जरूरत होगी। इसमें कहा गया है कि कुछ अंधविश्वासी प्रथाएं, जो क्रूर, अमानवीय और शोषणकारी हैं, उनसे निपटने के लिए विशेष रूप से कानून बनाने की आवश्यकता है। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि कई व्यक्ति और संगठन अंधविश्वास और जादू-टोने का उपयोग करके सामूहिक धर्मांतरण कर रहे हैं।

### याचिका में संविधान के अनुरूप

अधिवक्ता अश्विनी कुमार द्वारा दायर याचिका में केंद्र और राज्यों को संविधान के अनुच्छेद 51ए की भावना के अनुरूप नागरिकों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और सुधार की भावना विकसित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की गई है। संविधान का अनुच्छेद 51ए मौलिक कर्तव्यों से संबंधित है। याचिका में कहा गया है, 'याचिकाकर्ता अनुच्छेद 32 के तहत जनहित याचिका के रूप में यह रिट याचिका दायर कर रहा है, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 21, 25 के तहत मिले मौलिक अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अंधविश्वास और जादू-टोना को नियंत्रित करने के लिए उचित कदम उठाने के लिए केंद्र और राज्यों को उचित आदेश या निर्देश देने की मांग की गई है।'

# 'दिल्ली को समस्या का सामना करना पड़े तो समाधान के लिए तमिलनाडु की ओर देखना होगा', सीजेआई बोले



नई दिल्ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ की 20वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए डाटा और सॉफ्टवेयर बैकअप के भंडार के रूप में सेवा करने में पीठ के योगदान की सराहना की।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने डाटा और सॉफ्टवेयर का नियमित बैकअप सुनिश्चित करने के लिए इस साल मदुरै पीठ में एक आपदा रिकवरी केंद्र स्थापित किया था। इसलिए, अगर दिल्ली को समस्याओं का सामना करना पड़ता है तो उसे समाधान के लिए तमिलनाडु की ओर देखना होगा।

समारोह तमुक्कम मैदान में मदुरै कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था। इसमें सर्वोच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति महादेवन ने भी शिरकत की।

सभा को संबोधित करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने आगे कहा कि उच्च न्यायालय की पीठ की स्थापना का मतलब केवल बुनियादी ढांचे की स्थापना करने या अदालत कक्ष बनाने या अदालत कक्षों को सुसज्जित करना नहीं है। बल्कि, यह महत्वपूर्ण सम्मेलनों, परंपराओं की स्थापना के बारे में है, जो भविष्य तय करेगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि बीते बीस वर्षों में मदुरै पीठ ने वास्तव में मद्रास उच्च न्यायालय की महान परंपराओं का प्रतिनिधि बना है।

प्रवेश स्तर के कनिष्ठ वकीलों को कम वेतन दिए जाने के मुद्दे पर उन्होंने इस बात की ओर से इशारा किया कि उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा, कृपया इस पितृसत्तात्मक नजरिए को दूर करें कि वे सीखने और अनुभव हासिल करने आए हैं और आप उन्हें सलाह दे रहे हैं।

# बांग्लादेश में हिंसा के बीच भारत वापस लौटे सैकड़ों छात्र



नई दिल्ली। पड़ोसी देश बांग्लादेश इन दिनों हिंसा की आग में झुलस रहा है। सरकारी नौकरियों में आरक्षण के मुद्दे शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देशभर में उग्र रूप ले चुका है। हिंसा प्रभावित देश से लोग पलायन कर रहे हैं। इस बीच, भारत के विदेश मंत्रालय ने बताया कि अबतक सैकड़ों भारतीय छात्र अलग-अलग मार्गों के जरिए वापस देश लौट आए हैं।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि ढाका में भारतीय उच्चायोग और चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में सहायक उच्चायोग बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रमों के बाद भारतीय नागरिकों की घर वापसी में सहायता कर रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों की मदद से उच्चायोग और सहायक उच्चायोग भारतीय नागरिकों को भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराने में मदद कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय हमारे नागरिकों के लिए एक सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के लिए नागरिक उड्डयन, आव्रजन, भूमि बंदरगाहों और बीएसएफ अधिकारियों के साथ भी समन्वय कर रहा है।

### सैकड़ों छात्र लौटे

मंत्रालय ने आगे बताया कि अब तक 778 भारतीय छात्र विभिन्न भूमि बंदरगाहों के माध्यम से भारत लौट आए हैं। इसके अलावा, लगभग 200 छात्र ढाका और चटगांव हवाई अड्डों के माध्यम से नियमित उड़ान सेवाओं से घर लौट आए हैं। ढाका में भारतीय उच्चायोग और हमारे सहायक उच्चायोग बांग्लादेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में रह रहे 4000 से अधिक छात्रों के साथ नियमित संपर्क में हैं और उन्हें जरूरी सहायता दी जा रही है। नेपाल और भूटान के छात्रों की भी भारत आने में मदद की जा रही है।

### मामला कोर्ट में फिर क्यों प्रदर्शन हो रहे हैं?

प्रदर्शनकारी छात्र मुख्य रूप से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के लिए आरक्षित नौकरियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी इस व्यवस्था को खत्म करने की मांग कर रहे हैं, उनका कहना है कि यह भेदभावपूर्ण है और प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के समर्थकों के फायदे के लिए है। बता दें कि प्रधानमंत्री शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीब उर रहमान की बेटी हैं, जिन्होंने बांग्लादेश मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था।

प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि इसकी जगह योग्यता आधारित व्यवस्था लागू हो। विरोध प्रदर्शन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने कहा कि छात्र कक्षाओं में लौटना चाहते हैं, लेकिन वे ऐसा तभी करेंगे जब उनकी मांगें पूरी हो जाएंगी।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इंदिरापुरम के एक स्कूल, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें निःशुल्क रक्त परीक्षण, नेत्र जांच और दंत चिकित्सा जांच शामिल है। इस शिविर में स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया और लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर में जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के लोगों सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रियंका राय, फादर बिजू डैनियल आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपे



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी, अभय प्रताप, जयंत प्रताप सिंह के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे रोपे गए।

पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि सभी को पौधा लगाना है ओर पर्यावरण को बचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प महाअभियान के अंतर्गत एक पौधा मां के नाम साथी मित्र बांधों के साथ वार्ड 89 वैशाली पानी की टंकी वाले पार्क में पौधरोपण किया। जिसमे नीम, अमरूद, कटहल, जामुन, पिलखान, आम आदि के पौधे रोपे गए। सभी लोगों ने पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक पवन कुमार, कमल सिंह चौहान, शैलेश वर्मा, विश्व बंधु, प्रमोद द्विवेदी, सुशील सिंह, सुशील सिंह, मनोज चौहान, सुभाष चौधरी, परशुराम सिंह, मोहन सिंह, रवि वाधवा आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएलएफ पार्क में खेल रहा बच्चे हुआ चोटिल





साहिबाबाद (करंट क्राइम)। डीएलएफ कॉलोनी में शनिवार घर के पास पार्क में खेल रहे बच्चा चोटिला हो गया। जिस को लोगों ने तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। लोगों ने नगर निगम के अधिकारी की लापरवाही बताई जा रही है। लोगों का कहां है कि ए ब्लॉक मे कई महीने से ओपन जिम के लिए आरसीसी कर लगाए हुए। जिसका बोल्ट से 5 वर्ष के बच्चा घायल हो गया। लोगों का कहना कि पार्क में जल्दी से ओपन जीम लगे जिसे वे अन्य बकह घायल न हो। स्थानीय लोगों इन मामले की शिकायत नगर आयुक्त से भी की है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...








लखनऊ में 'वृक्षारोपण जन अभियान-2024' के अंतर्गत एक दिन में प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधरोपण के महाभियान के दौरान पौधे को पानी देते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम

## सांसद अतुल गर्ग-कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा-मेयर सुनीता दयाल से लेकर जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने पौधा लगाकर दिया संदेश



हिंडन बैराज पर पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी व जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह।



पुलिस लाइन में पौधरोपण के बाद पानी डालते सांसद अतुल गर्ग व साथ में मौजूद हैं पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र।



नंदग्राम थाने में पौधरोपण करते उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप व साथ में उपस्थित पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र।



पौधरोपण अभियान के तहत प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग अमृत अभिजात के साथ महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव व उद्यान प्रभारी अनुज।



लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर के साथ पौधरोपण करते डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव।



धौलाना विधायक धर्मेश तोमर के साथ पौधरोपण करते एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी



साहिबाबाद में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष के साथ उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।




मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच के साथ पौधरोपण करते डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक चंद यादव, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश व अन्य।



हापुड़ में सांसद अतुल गर्ग के साथ विधायक धौलाना धर्मेश तोमर और एसपी हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित एमएलसी दिनेश गोयल व डीसीपी सिटी राजेश कुमार।



नन्दग्राम थाने में पौधारोपण करते कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, साथ में मौजूद हैं पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र।



कविनगर थाने में आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अजीत पाल त्यागी, डीसीपी सिटी राजेश कुमार, एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव व एसएचओ योगेन्द्र मलिक।



लिंक रोड़ थाने में पौधा लगाते डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल साथ में हैं एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय एवं थानाध्यक्ष प्रीति सिंह।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार का दिन गाजियाबाद में पौधारोपण के नाम रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम का संदेश सियासत से लेकर प्रशासन तक दिखाई दिया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने गाजियाबाद से लेकर धौलाना तक पौधारोपण किया। उन्होंने एक संदेश दिया कि पर्यावरण रक्षा के लिए सबको आगे आना है। हमें अपने संस्कारों के साथ पर्यावरण को बचाना है। शनिवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया तो राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने भी पौधारोपण किया। एमएलसी दिनेश गोयल, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, मेयर सुनीता दयाल, पुलिस आयुक्त अजय मिश्र, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने भी अपने क्षेत्र में पौधारोपण किया और एक संदेश दिया कि पर्यावरण के लिए हरित क्रान्ति का संदेश लेकर हम सब काम करेंगे। शनिवार को गाजियाबाद में पौधारोपण का कार्यक्रम हुआ। प्रशासन और राजनीति के अलावा विभिन्न राजनीतिक संस्थाओं ने भी पौधे लगाये और इन पौधों को संरक्षित रखने का भी संकल्प लिया।

# जौनपुर का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से जुड़ रहा है एक के बाद एक कनेक्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में एक के बाद एक जौनपुर के मूल निवासी अधिकारियों का कनेक्शन जुड़ रहा है। कुछ दिन पूर्व गाजियाबाद में एडीसीपी ट्रैफिक के पद पर आए पीयूष कुमार सिंह जौनपुर के मुख्य निवासी हैं। तो वहीं मंगलवार को चली आईपीएस अधिकारियों की तबादला लिस्ट में राजेश कुमार को गाजियाबाद भेजा गया है, वह भी जौनपुर के मूल निवासी हैं। इससे पूर्व गाजियाबाद में नदियापार के सबसे तेजतर्रार और बेहतर पुलिसिंग करने वाले एसीपी स्वतंत्र कुमार का भी जौनपुर से कनेक्शन है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यह तीनों ही अधिकारी ऐसे हैं जिनका कनेक्शन जौनपुर का बताया जा रहा है। जबकि पीयूष कुमार सिंह और राजेश कुमार की पोस्टिंग कुछ ही दिनों के भीतर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में की गई है।

## पहले एडीसीपी ट्रैफिक और अब डीसीपी सिटी का है यही गृह जनपद






उधर वर्तमान में जौनपुर के जो पुलिस कप्तान हैं, उनका गाजियाबाद से कनेक्शन रहा है। बता दें कि वर्तमान में आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा जौनपुर के कप्तान हैं और वह गाजियाबाद में एक सफल और यूपी के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में पहचान रखते हैं। अजय पाल शर्मा गाजियाबाद में सफल एसपी सिटी के रुप में गिने जाते हैं।

बता दें कि बीते कुछ दिन पूर्व ही गाजियाबाद में एडीसीपी ट्रैफिक के पद पर रहने वाले वीरेंद्र कुमार का लखनऊ एसएसएफ में तबादला हो गया था। उनके स्थान पर जौनपुर के मूल निवासी पीयूष कुमार सिंह को गाजियाबाद में तैनाती दी गई है। जहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पीयूष कुमार का जौनपुर का लिंक निकला, तो फिर राजेश कुमार के साथ जुड़ गया है। उधर पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि पीयूष कुमार सिंह और राजेश कुमार दोनों ही अधिकारी ऐसे हैं जो पूर्व में मेरठ जनपद में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## एसीपी स्वतंत्र सिंह का भी है जौनपुर से कनेक्शन



**करंट क्राइम।** गाजियाबाद पश्चिम का सबसे प्रमुख जिला माना जाता है। पुलिसिंग से लेकर राजनीति का अंदाज यहां का निराला है, लेकिन वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंदर जौनपुर के खाकी वालों का कनेक्शन बढ़ रहा है। सबसे पहले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगभग दो साल से अधिक के समय से जौनपुर से मूल निवासी एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह अलग-अलग सर्किल में चार्ज संभाल चुके हैं। उनको पुलिस विभाग के तीनों श्रेष्ठ मेडल भी मिले हुए हैं। वो निशानेबाजी के लिए भी यूपी पुलिस में जाने जाते हैं। बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार का लिंक गाजियाबाद से जुड़ा और उनके बाद अब राजेश कुमार आईपीएस अधिकारी डीसीपी सिटी जोन बनाकर यहां तैनाती पाने वाले बने हैं।

## संपादकीय

# बरसात में सर्पदंश का खतरा

बरसात के मौसम में जलभराव और उमस भरी गर्मी की वजह से सांप अपने बिल से बाहर निकलकर सुरक्षित ठिकाने ढूंढ़ने लगते हैं और इस कारण सर्पदंश की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया भर में हर साल लगभग पैंतालीस से चौवन लाख लोग सर्पदंश का शिकार होते हैं, जिनमें से करीब एक लाख अड़तीस हजार लोगों की मौत हो जाती है। सर्पदंश के अधिकांश मामले अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में सामने आते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में सालाना तीस से चालीस लाख सर्पदंश की घटनाएं होती हैं, जिनमें से करीब पचास हजार लोगों की मौत हो जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत में पाए जाने वाले सत्तर फीसद सांप या तो जहरीले नहीं होते हैं, या फिर उनका विष मनुष्य के शरीर को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचाता है।

इसके बावजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि सर्पदंश से वैश्विक स्तर पर हर वर्ष होने वाली मौतों में से करीब चालीस फीसद भारत में होती हैं। जाहिर है कि भारत में सामाजिक और सरकारी स्तर पर जागरूकता का अभाव और व्यवस्थागत खामियां व्याप्त हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में आज भी सर्पदंश से पीड़ित को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के लिए ओझा के पास ले जाने की घटनाएं आम हैं। बाद में जब पीड़ित को अस्पताल ले जाया जाता है, तब तक इलाज में देरी हो जाती है। यह भी देखा गया है कि सर्पदंश के बाद पीड़ित व्यक्ति बहुत ज्यादा घबरा जाता है और कई बार हृदयाघात से उसकी मौत हो जाती है। यों आस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने सर्पदंश के इलाज के लिए एक नई कारगर दवा बनाने का दावा कर दुनिया में एक नई उम्मीद जगाई है।

शोधकताओं का कहना है कि यह दवा न केवल मनुष्य के शरीर में सांप के जहर के फैलने की गति को धीमा कर सकती है, बल्कि यह ऊतक एवं कोशिका के क्षय को रोकने में भी सक्षम है। मगर अपने देश के सरकारी अस्पतालों में सर्प विष-रोधी दवा की कमी से संबंधित खबरें अक्सर आती रहती हैं। ऐसी स्थिति में मरीज को समय पर दवा नहीं मिलने से उसकी मौत स्वाभाविक है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है।

# माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के बाद विमानों का संचालन हुआ सामान्य



**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर आई गड़बड़ी के कारण विमानन सेवा में आई बाधा अब ठीक हो गई है। नागर विमानन मंत्रालय की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया, आज सुबह 3 बजे से देश के सारे हवाई अड्डों पर हवाई प्रणाली ने सुचारू रूप से कार्य करना शुरू कर दिया। अब उड़ान परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। कल व्यवधान के कारण कार्य लंबित हुआ था। और आज यह धीरे-धीरे सही हो गया। हम अब सारी समस्याओं के खत्म होने की उम्मीद करते हैं। हम विमानन कंपनियों द्वारा दिये जाने वाले रिफंड और टिकटों के समायोजन के साथ हवाई अड्डों पर उड़ान परिचालन की लगातार निगरानी कर रहे हैं। हम आपके धैर्य के लिए आभारी हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में वैश्विक स्तर पर आई गड़बड़ी के कारण फ्लाइट्स में हुई देरी से यात्री बुरी तरह प्रभावित हुए। फ्लाइट्स को टेकऑफ में देरी के अलावा, चेक-इन तथा बुकिंग में भी लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। दुनिया भर में शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट सिक्योरिटी सिस्टम में तकनीकी खराबी का असर कई एयरलाइन्स पर पड़ा। इसकी वजह से भारत समेत दुनिया के कई देशों के विमान एयरपोर्ट पर ही खड़े रह गए। मुंबई के अंधेरी में इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर माइक्रोसॉफ्ट की क्लाउड सर्विस में गड़बड़ी के कारण ऑनलाइन चेक-इन सेवा बंद कर दी गई थी।

**इस गड़बड़ी के चलते हुई अव्यवस्था का असर रेलवे स्टेशन पर भी दिखाई दिया**

इतना ही नहीं, इस गड़बड़ी के चलते हुई अव्यवस्था का असर रेलवे स्टेशन पर भी दिखाई दिया था। इधर नई दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर भी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हैदराबाद एयरपोर्ट पर कई उड़ानें कैंसिल करनी पड़ी।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# मनमोहन सिंह का वो 'युगांतकारी बजट' जिसने बदल दी देश की दिशा



**नई दिल्ली।** फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण 23 जुलाई 2024 को बजट पेश करने जा रही हैं। निर्मला सीतारमण ने एक अंतरिम बजट समेत 6 बजट पेश किए हैं और अब वह सातवीं बार बजट पेश करेंगी। इस बजट से अलग-अलग सेक्टर्स की काफी उम्मीदें हैं। इन उम्मीदों पर बजट कितना खरा उतरेगा, ये तो 23 जुलाई को मालूम चलेगा लेकिन बजट से जुड़े कुछ दिलचस्प नाम हैं, जिसके बारे में बहुत कम ही लोग जानते हैं। ऐसा ही एक नाम- एस्ट्रड्डूँ' बजट का है। इसे हिंदी में 'युगांतकारी बजट' के रूप में जाना जाता है। आइए जान लेते हैं कि इस बजट को किस वित्त मंत्री ने पेश किया था और इसका नाम 'युगांतकारी' क्यों पड़ा।

### साल 1991 का बजट

साल 1991 में कांग्रेस के पीवी नरसिम्हा राव की सरकार थी। इस सरकार के वित्त मंत्री डॉ मनमोहन सिंह थे। उन्होंने इस साल ऐतिहासिक बजट पेश किया, जिसने लाइसेंस राज को समाप्त करते हुए आर्थिक उदारीकरण के युग की शुरूआत की। यह बजट ऐसे समय में पेश किया गया जब भारत आर्थिक पतन के कगार पर था। इस बजट में विदेशी निवेश के रास्ते खोले गए। इसके तहत कई अहम कदम उठाए गए। मसलन, सीमा शुल्क को 220 प्रतिशत से घटाकर 150 प्रतिशत कर दिया गया। वहीं, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भी कई कड़े कदम उठाए गए।

### लगातार छठी बार बजट पेश करेंगी वित्त मंत्री

निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार छठा बजट पेश करेंगी। इसी के साथ वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश करने के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम दर्ज रिकॉर्ड की बराबरी करेंगी। निर्मला सीतारमण पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं, जो जुलाई 2019 से पांच पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने सर्वाधिक 10 बार बजट पेश किये। यह किसी वित्त मंत्री द्वारा पेश सर्वाधिक बजट है। उन्होंने अंतरिम बजट समेत लगातार छह बार बजट पेश किए थे।

# 1 शेयर पर 4 शेयर फ्री, डिविडेंड भी दे रही है कंपनी

**नई दिल्ली।** गोयल फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने बोनस शेयर और डिविडेंड देने का ऐलान किया है। इसके लिए अब कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। कंपनी एक शेयर पर 4 शेयर बोनस दे रही है। बता दें, इस कंपनी के शेयरों का भाव 200 रुपये से कम का है।

**किस दिन है रिकॉर्ड डेट?**

कंपनी ने 30 मई को दी जानकारी में शेयर बाजारों को बताया था कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 4 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। कंपनी ने डिविडेंड देने का भी ऐलान किया है। 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 50 पैसे का डिविडेंड दे रही है।



इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान किया है। बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 31 जुलाई 2024 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन जिसका नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में उन्हें ही डिविडेंड और बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। कंपनी पहली बार डिविडेंड और बोनस शेयर देने जा रही है। इससे पहले कंपनी ने कभी भी डिविडेंड भी नहीं दिया था।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा?**

शुक्रवार को गोयल फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड के शेयर 163.35 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले 6 महीने में यह स्टॉक 6 प्रतिशत टूट चुका है। वहीं, 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 11.60 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 1 साल में स्टॉक का भाव 12.70 प्रतिशत भाव बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 223.45 रुपये और कंपनी का 52 वीक लो लेवल 125.50 रुपये है।

# पतंजलि फूड्स ने तिमाही नतीजों का किया ऐलान, नेट प्रॉफिट में 3 गुना हुआ इजाफा



**नई दिल्ली।** खाद्य तेल और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली पतंजलि फूड्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में नेट प्रॉफिट तीन गुना होकर 262.90 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में इसका नेट प्रॉफिट 87.75 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी की आय में गिरावट देखने को मिली है। इसके बावजूद नेट प्रॉफिट में इजाफा देखने को मिला है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर बीएसई में 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1591.15 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा?**

पिछले एक साल के दौरान पतंजलि फूड्स के शेयरों का प्रदर्शन बहुत शानदार नहीं रहा है। पिछले एक साल में यह स्टॉक 25.3 प्रतिशत का रिटर्न ही देने में सफल हुआ है। वहीं, एक महीने से स्टॉक को होल्ड करने वाले लोगों 13.5 प्रतिशत का लाभ हुआ है। बीएसई में कंपनी का 1,769.15 रुपये और 52 वीक लो लेवल 1,170.10 रुपये है। पतंजलि फूड्स का मार्केट कैप 57,598.81 करोड़ रुपये का है।

**कंपनी ने लगातार डिविडेंड देती आ रही है?**

कंपनी ने आखिरी बार मार्च 2024 में एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 6 रुपये का डिविडेंड दिया था। वहीं, 2023 में कंपनी 6 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**पतंजलि ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में क्या है?**

कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि कम आय के बावजूद इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसका लाभ बढ़ा है। कुल आय घटकर इस वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7,202.35 करोड़ रुपये रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 7,810.50 करोड़ रुपये थी।

**क्या-क्या काम करती है कंपनी?**

बाबा रामदेव की अगुवाई वाली पतंजलि आयुर्वेद द्वारा प्रवर्तित यह कंपनी खाद्य तेल, खाद्य एवं दैनिक उपयोग के सामान और पवन ऊर्जा उत्पादन क्षेत्रों में मौजूद है। यह पतंजलि, रुचि गोल्ड, महाकोश, न्यूट्रिला आदि जैसे ब्रांडों के माध्यम से अपने उत्पादों का मार्केटिंग करती है।

## राशिफल

**मेष:** व्यावसायिक रूप से आज का समय अच्छा है। आर्थिक लाभ भी शुभ रहेगा। आपके काम पूरे होंगे, लेकिन उनमें कुछ देरी हो सकती है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन करियर में एक नया बदलाव लेकर आएगा। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा।

**मिथुन:** आज आपको किसी गरीब को भोजन कराना चाहिए. बड़ी से बड़ी मुश्किलें आसान हो जाएंगी। जल्दबाजी से बचें और जोखिम उठाएं। अपेक्षित कार्यों में देरी होगी।

**कर्क:** आप जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता और समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं। आपको अपने वरिष्ठों से लाभ होगा और पेशेवर रूप से आपकी स्थिति अधिक स्थिर हो सकती है।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। जीवनसाथी के बीच कुछ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब कुछ बेहतर हो जाएगा।

**कन्या:** संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। अपनी बातचीत में मौलिक रहें, किसी भी तरह की कृत्रिमता आपकी मदद नहीं करेगी।

**तुला:** अगर आप आर्थिक मामलों में व्यवस्थित तरीके से काम करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। घर खरीदने या नवीनीकरण के लिए शुभ समय।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आपका दिन दूसरों की सेवा में व्यतीत हो सकता है। आज लोग आपसे बहुत प्रभावित होंगे।

**धनु:** आज कोई बढ़िया नया विचार आपको आर्थिक लाभ दिलाएगा। परिजनों से अनबन हो सकती है, झगड़ों से बचने की कोशिश करें। व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य बिगड़ेगा।

**मकर:** छात्रों को सामान्य से अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, फिर भी वे अपने निरंतर प्रयासों से सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ:** आज उच्च अधिकारियों से अच्छे संबंध बनाए रखने का प्रयास फलदायी होगा। किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। करियर में तरक्की के योग हैं।

**मीन:** आज आप में से किसी के लिए बेहतर नौकरी मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ होगा। नई परियोजनाओं और खर्चों को स्थगित करें।

## चुटकुले

अगर 35-36 की उम्र तक तुम
किसी के बाबू-शोना नहीं बन पाए हो...
तो
समझ लो तुम सिर्फ
जनगणना के लिए ही पैदा हुए हो...!

---

पत्नी - आप मुझे बार-बार
सॉरी मत बोला करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि मेरा लड़ने का सारा
मूड ही खराब हो जाता है...!

---

चिंटू - यार तूने इतने छोटे-छोटे
बाल क्यों कटवाए...?
पप्पू - नाई के पास तीन रुपये
खुल्ले नहीं थे, तो
मैं बोला- तीन रुपये की और काट दे...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश पीएम शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन के बाद नीला हो जाता है।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र-क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।



# भारतीय टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर जा सकते हैं दो सदस्य, सहायक स्टाफ का बनेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद इस बात की चर्चा जोरों पर है कि टीम का सहायक स्टाफ कौन होगा। इसे लेकर कई पूर्व खिलाड़ियों के नाम चल रहे हैं, लेकिन अब तक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि अभिषेक नायर और रयान टेन डसकाटे श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम के साथ सहायक स्टाफ का हिस्सा बन सकते हैं।

**केकेआर का हिस्सा रह चुके हैं नायर-डसकाटे**

भारत के लिए तीन वनडे मैच खेलने वाले नायर और नीदरलैंड के ऑलराउंडर डसकाटे आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए गंभीर के साथ करीब से काम कर चुके है और माना जा रहा है कि ये दोनों भारतीय टीम के सहायक कोच होंगे। नायर को कोचिंग का काफी अनुभव है और उन्होंने दिनेश कार्तिक और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों के साथ काम किया है। डसकाटे फिलबाल मेजर क्रिकेट लीग (एमएलसी) में एलए नाइट राइडर्स के साथ काम कर रहे हैं। गंभीर ने खुले तौर पर डसकाटे को टीम के साथ जोड़ने की इच्छा जताई थी।

### टी. दिलीप बने रह सकते हैं फील्डिंग कोच

भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच को लेकर अभी चीजें स्पष्ट नहीं हो पा रही हैं, लेकिन माना जा रहा है कि टी. दिलीप जो राहुल द्रविड़ के कार्यकाल के दौरान फील्डिंग कोच की भूमिका निभा रहे थे, वह आगे भी फील्डिंग कोच बने रह सकते हैं। गंभीर ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आर विनय कुमार, लक्ष्मीपति बालाजी और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल का नाम गेंदबाजी कोच के लिए बीसीसीआई को सुझाए हैं।

### मोर्कल दौड़ में आगे

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार, मोर्कल इस दौड़ में विनय कुमार और बालाजी से आगे हैं। विनय और बालाजी के साथ गंभीर केकेआर में काम कर चुके हैं, जबकि मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपरजाएंट्स में काम किया है। अगर मोर्कल को मंजूरी मिल जाती है तो वह ऑस्ट्रेलिया के जो डॉव्स के बाद भारत के पहले विदेशी गेंदबाजी कोच होंगे। डॉव्स डंकन फ्लेचर के कार्यकाल के दौरान 2012 में इंग्लैंड दौरे तक भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच थे। मोर्कल पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के गेंदबाजी कोच थे।

### मुंबई से 22 जुलाई को रवाना होगी टीम

भारत को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है। भारत सूर्यकुमार यादव की अगुआई में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा, जबकि रोहित शर्मा की कप्तानी में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने उतरेगा। भारतीय टीम मुंबई से 22 जुलाई को चार्टर्ड फ्लाइट से कोलंबो रवाना होगी। नायर और दिलीप भी टीम के साथ जा सकते है, जबकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि डसकाटे टीम के साथ कब जुड़ेंगे।

# भारतीय दल अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक: गगन नारंग



**पेरिस।** जैसे ही पहली टीमें ओलंपिक गांव पहुंचीं, भारत के शेफ-डी-मिशन गगन नारंग ने कहा कि दल उत्साहित है और अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक है। 2012 लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ने कहा, मैं गुरुवार रात यहां पेरिस पहुंचा और भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर की व्यवस्था का जायजा लिया। तीरंदाजी और रोइंग शुक्रवार को आने वाली पहली भारतीय टीमें थीं और उन्होंने आराम से चेक-इन किया। एथलीट खेल गांव में धीरे-धीरे बस रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मूड उत्साह और उम्मीद का है। नारंग ने कहा, मूड निश्चित रूप से उत्साहित है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को आ रही है। निश्चित रूप से, मुझे एक एथलीट के रूप में ओलंपिक में अपने कठिन दिन याद आ रहे हैं। हालांकि बहुत उत्साह है, एथलीट प्रतिस्पर्धा के मैदान पर कुछ खेल का समय भी पाना चाहेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एथलीटों के पास उनकी संबंधित स्पधाओं की शुरूआत से पहले वह सब कुछ हो जो उन्हें चाहिए। सम्मानित भारतीय निशानेबाज, जो प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार और पद्म श्री पुरस्कार के प्राप्तकर्ता भी हैं, ने पेरिस ओलंपिक के लिए उन्हें शेफ-डी-मिशन के रूप में नियुक्त करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का आभार व्यक्त किया। नारंग ने कहा, पेरिस ओलंपिक के लिए शेफ-डी-मिशन के रूप में भारतीय दल के साथ यात्रा करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। इस भूमिका के लिए मुझ पर विचार करने और मुझे एक बार फिर से खेल के सबसे बड़े मंच पर अपने देश की सेवा करने का मौका देने के लिए मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं। चार बार के ओलंपियन ने पेरिस ओलंपिक से पहले और उसके दौरान प्रवक्ता, संरक्षक, समर्थक और चीयरलीडर के रूप में भारतीय दल के सर्वोत्तम हितों की सेवा करने का वादा किया।



# मेसी के बिना भी अर्जेंटीना की नजरें ओलंपिक पुरुष स्वर्ण पर, स्पेन महिलाओं के स्वर्ण का प्रबल दावेदार

**बीजिंग।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनल मेसी के बिना भी अर्जेंटीना के पास आगामी पेरिस ओलंपिक में रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला तीसरा पुरुष फुटबॉल स्वर्ण पदक जीतने का अच्छा मौका माना जा रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 2004 और 2008 में एक खिलाड़ी के रूप में स्वर्ण पदक जीतने वाले अर्जेंटीना के मुख्य कोच जेवियर माशेरानो का लक्ष्य गौरव हासिल करना है, क्योंकि उन्होंने स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी सहित चार विश्व कप विजेताओं को अपनी टीम में शामिल किया है। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल एक अंडर-23 टूर्नामेंट है, लेकिन प्रत्येक टीम को अधिकतम तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खेलाने की अनुमति है। 2008 बीजिंग ओलंपिक में दक्षिण अमेरिकी टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद करने वाले 37 वर्षीय मेसी भारी कार्यभार का हवाला देते हुए पेरिस संस्करण में नहीं खेलेंगे। क्लबों को ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अन्य प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंटों के विपरीत, ओलंपिक खेल आधिकारिक फीफा अंतरराष्ट्रीय विंडो के बाहर होते हैं। 2008 में, बार्सिलोना ने मेसी को बीजिंग में खेलने से रोकने के लिए खेल पंचाट न्यायालय में अपील जीत ली। यह बताया गया कि बार्सिलोना के तत्कालीन मुख्य कोच पेप गार्डियोला के हस्तक्षेप के बाद, ला लीगा क्लब ने अंततः हरी झंडी दे दी और मेसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में अर्जेंटीना के साथ स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट स्थापित सितारों के बजाय उभरती प्रतिभाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें पारंपरिक फुटबॉल पावरहाउस जरूरी नहीं कि पसंदीदा में हों। नाइजीरिया और कैमरून ने क्रमशः 1996 और 2000 में जीत हासिल की। 2012 में, मेक्सिको ने लंदन में स्वर्ण पदक जीता, जिसमें ज्यादातर घरेलू खिलाड़ी शामिल थे। पिछले 20 वर्षों में इस आयोजन में दक्षिण अमेरिकी टीमों का दबदबा देखा गया है, 2004 के बाद से ब्राजील और अर्जेंटीना ने दो-दो स्वर्ण जीते हैं। ब्राजील, 2016 और 2020 में लगातार चैंपियन, पेरिस के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा है, जिसका अर्थ है कि अर्जेंटीना अगर अपना तीसरा ओलंपिक स्वर्ण जीतता है तो वह हंगरी और ब्रिटेन के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकता है। 18 वर्षीय क्लाउडियो एचेवेरी देखने लायक खिलाड़ी हैं जो अगले सीजन में मैनचेस्टर सिटी में जाएगा, एक आक्रामक मिडफील्डर है और उनके अर्जेंटीना के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। अर्जेंटीना को मोरक्को, इराक और यूक्रेन के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। फ्रांस और स्पेन, अर्जेंटीना के बाद अन्य दो पसंदीदा, क्रमशः ग्रुप ए (संयुक्त राज्य अमेरिका, गिनी और न्यूजीलैंड के साथ) और ग्रुप सी (डोमिनिकन गणराज्य, मिस्र और उज्बेकिस्तान के साथ) में खेलते हैं। ग्रुप डी में पैराग्वे, इजरायल, जापान और माली शामिल हैं। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से दो दिन पहले 24 जुलाई को टूर्नामेंट शुरू होने पर अर्जेंटीना को सेंट-इटियेन में अपने शुरूआती मैच में मोरक्को से खेलना है। फाइनल 9 अगस्त को पेरिस के पार्क डेस प्रिंसेस में होगा।

# शमी ने गेंद से छेड़छाड़ संबंधी इंजमाम-उल-हक की टिप्पणी को 'कार्टूनगिरी' करार दिया

● शमी ने पूर्व क्रिकेटरों से निराधार आरोप लगाने से बचने और निराधार दावों से जनता को गुमराह करने से बचने का आग्रह किया



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक द्वारा टी20 विश्व कप 2024 के दौरान युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की रिवर्स स्विंग उत्पन्न करने की क्षमता पर सवाल उठाने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने साथी अर्शदीप सिंह का जोरदार बचाव किया है। इंजमाम की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के सुपर 8 मैच के बाद आई, जहां अर्शदीप ने तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर भारत की 24 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोहित शर्मा को उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बावजूद, अर्शदीप ने अपने स्पैल के लिए प्रशंसा अर्जित की, जिसमें डेविड वार्नर, टिम डेविड और मैथ्यू वेड को आउट करना शामिल था। इंजमाम ने अर्शदीप की रिवर्स स्विंग कराने की क्षमता पर संदेह व्यक्त करते हुए कहा था कि किसी गेंदबाज के लिए 14वें या 15वें ओवर की शुरूआत में इस तरह की मूवमेंट हासिल करना असामान्य है। इसके जवाब में शमी ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर एक इंटरव्यू के दौरान इंजमाम के दावों की आलोचना की। रिवर्स स्विंग में अपनी विशेषज्ञता के लिए माने जाने वाले शमी ने आरोपों को खारिज कर दिया और अपने टीम साथी और खेल की ईमानदारी का बचाव किया। शमी ने कहा, मैं इंजमाम भाई से एक ही बात कहना चाहता हूं कि मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। अगर आप भी ऐसा ही करते हैं तो क्या यह बॉल टैंपरिंग नहीं है? जो लोग उनके खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे, वे उनके निशाने पर होंगे।" शमी ने पूर्व क्रिकेटरों से निराधार आरोप लगाने से बचने और निराधार दावों से जनता को गुमराह करने से बचने का आग्रह किया। उन्होंने महान पाकिस्तानी गेंदबाज वसीम अकरम का भी समर्थन किया, जिन्होंने पहले रिवर्स स्विंग हासिल करने के लिए गेंद से छेड़छाड़ के विचार को खारिज कर दिया था और कहा था कि अंपायर गेंद की स्थिति को सख्ती से नियंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद नहीं है कि पूर्व खिलाड़ी होने के बावजूद आप ऐसी बातें कह सकते हैं। यहां तक कि वसीम अकरम ने भी कहा कि अंपायर आपको गेंद कैसे देते हैं और इसमें कोई उपकरण लगाना संभव नहीं है। इस तरह की कार्टूनगिरी अच्छी नहीं है। ये बयान लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए हैं।

# अर्शदीप ने टी20 विश्व कप फाइनल को पसंदीदा मैच बताया



**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने हालिया टी20 विश्व कप की खिताबी जीत में फाइनल को अपने करियर का पसंदीदा मैच बताया। तेज गेंदबाज ने बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला आईसीसी फाइनल खेला और अपने चार ओवरों में 2-20 के आंकड़े के साथ लौटे क्योंकि भारत ने रोमांचक मुकाबले में छह रन से मैच जीत लिया। अर्शदीप पिछले साल नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप फाइनल खेलने वाली भारत की टीम का हिस्सा नहीं थे। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल फाइनल में भी नहीं खेला था, लेकिन युवा खिलाड़ी ने कठिन परिस्थितियों के दौरान दबाव का कोई संकेत नहीं दिखाया और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। वह टूर्नामेंट में 17 विकेट के साथ भारत के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। पंजाब के तेज गेंदबाज ने 'आईएएनएस' को बताया, क्रिकेटरों के लिए, हर मैच महत्वपूर्ण है, लेकिन मेरा सबसे पसंदीदा हालिया विश्व कप फाइनल है। ट्रॉफी जीतना एक अविस्मरणीय अनुभव था। मेरे साथियों के साथ कप उठाने का माहौल, तीव्रता और बेहद खुशी ने इसे अविश्वसनीय बना दिया। यह एक ऐसा क्षण है जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा, यह जानकर कि हमने इतने भव्य मंच पर अपने देश को गौरवान्वित किया है।" 52 टी20 में, अर्शदीप ने 18.40 की औसत से 79 विकेट लिए हैं, जिसमें 5/37 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शामिल है। वह 27 जुलाई से शुरू होने वाले तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेलने के लिए भारतीय टीम के साथ श्रीलंका जाएंगे।

# नायर, टेन डोशेट श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के आगामी सफेद गेंद दौरे के दौरान भारत के नए मुख्य कोच के रूप में गौतम गंभीर की नियुक्ति के बाद, अभिषेक नायर और रयान टेन डोशेट उनके साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं, जबकि टी दिलीप फील्डिंग कोच बने रहेंगे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के लिए तीन वनडे मैच खेलने वाले नायर और टेन डोशेट को भारतीय टीम में सहायक कोच नियुक्त किया गया है। जब कोलकाता नाइट राइडर्स टीम ने आईपीएल 2024 जीता था तब ये दोनों गंभीर के साथ थे और नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ में मेंटरशिप की भूमिका निभा रहे थे। 2018 से केकेआर के साथ अपने समय में, जहां वह कोच-सह-अकादमी प्रमुख थे, नायर को अपनी कोचिंग विधियों के माध्यम से श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, वरुण चक्रवर्ती और वेंकटेश अय्यर जैसे विभिन्न खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के साथ-साथ दिनेश कार्तिक का पुनरुत्थान के लिए भी श्रेय दिया गया।

# शाहीन, बाबर और रिजवान को ग्लोबल टी20 कनाडा के लिए नहीं मिला एनओसी



**कराची।** पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम वनडे विश्व कप 2023 के बाद टी20 विश्व कप 2024 से भी ग्रुप स्टेज से बाहर हो गई। इसके बाद से पाकिस्तान क्रिकेट में बवाल जारी है। पाकिस्तान क्रिकेट के हवाले से तरह-तरह के दावे किए जा रहे हैं। ऐसी भी खबरें सामने आई थीं कि पीसीबी बाबर आजम के बतौर कप्तान मानसिकता से नाखुश है। हालांकि, उन्हें कप्तानी से हटाया जाएगा या नहीं, इसको लेकर पुष्टि नहीं हो सकी है।

**पीसीबी ने उठाया सख्त कदम**

वहीं, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन ने भी टीम में एकता नहीं होने का आरोप लगाया था। इसके बाद पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टीम में 'सर्जरी' करने की बात कही थी। साथ ही नए कोच कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी (टेस्ट कोच) को टीम में बदलाव करने की पूरी इजाजत दी थी। अब पीसीबी ने एक और सख्त कदम उठाया है। बोर्ड ने सीनियर खिलाड़ियों बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद रिजवान का ग्लोबल टी20 लीग खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिये अनुरोध खारिज कर दिया।

**बाबर-रिजवान ने मांगा था एनओसी**

बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'पीसीबी को बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी से वैश्विक टी20 लीग खेलने के लिये एनओसी का अनुरोध मिला था। अगस्त 2024 से मार्च 2025 तक पाकिस्तान के व्यस्त क्रिकेट कैलेंडर को देखते हुए और तीनों खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय चयन समिति से मशविरे के बाद उनका अनुरोध खारिज करने का फैसला किया गया है। इस अवधि में पाकिस्तान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नौ मैच और अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी खेलनी है।'

**पीसीबी ने कहा- हमें तीनों की जरूरत**

कनाडा में ग्लोबल टी20 लीग 25 जुलाई से 11 अगस्त के बीच होगी। बयान में कहा गया, 'ये तीनों खिलाड़ी सभी प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को आने वाले आठ महीने में नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी20 में उनकी जरूरत पड़ेगी।' अब पीसीबी के इस फैसला का क्या असर पड़ेगा ये तो वक्त ही बताएगा। पाकिस्तान खिलाड़ी एनओसी की शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं थे और इसी वजह से वनडे विश्व कप 2023 से पहले उन्होंने पीसीबी के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर साइन करने से इनकार किया था। पाकिस्तानी खिलाड़ी चाहते थे कि उन्हें समय-समय पर दुनियभर की टी20 लीग खेलने की अनुमति मिले, जबकि पीसीबी ऐसा नहीं चाहता था। काफी विवाद के बाद हालांकि, दोनों पक्ष एकमत हुए थे। अब पीसीबी के एनओसी रद्द करने से भी खिलाड़ी नाराज हो सकते हैं।

# 140 पेरिस ओलंपिक सपोर्ट स्टाफ विलासिता नहीं, बल्कि तैयारी: रिपोर्ट

### इस साल, भारत की ओलंपिक टीम में 117 एथलीट और 140 सहयोगी स्टाफ शामिल हैं



**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पेरिस 2024 ओलंपिक नजदीक आ रहा है, भारत एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की एक मजबूत टुकड़ी भेज रहा है, जो अत्यधिक अधिकारियों को भेजने की पिछली प्रथाओं में शामिल होने के बजाय प्रदर्शन को अधिकतम करने पर केंद्रित है। इस साल, भारत की ओलंपिक टीम में 117 एथलीट और 140 सहयोगी स्टाफ शामिल हैं, इस अनुपात ने भौंहें चढ़ा दी हैं और विवाद को जन्म दे दिया है। हालाँकि, करीब से देखने पर एथलीट समर्थन और प्रदर्शन को बढ़ाने के उद्देश्य से दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव का पता चलता है। रेव्जस्पोर्ट्ज. के अनुसार, पिछले ओलंपिक में, आलोचना अक्सर भारतीय दल के साथ जाने वाले अधिकारियों और गैर-आवश्यक कर्मियों की संख्या पर केंद्रित थी। इससे निजी विलासिता यात्राओं के लिए सरकारी खर्चों के दुरुपयोग के आरोप लगे। हालाँकि, पेरिस 2024 के लिए परिदृश्य स्पष्ट रूप से भिन्न है। सहायक कर्मचारियों की सूची की व्यापक समीक्षा से पता चलता है कि 85 प्रतिशत से अधिक आवश्यक कर्मचारी हैं, जिनमें कोच, खेल वैज्ञानिक, चिकित्सा दल और फिजियोथेरेपिस्ट शामिल हैं। यह परिवर्तन एथलीटों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक व्यापक समर्थन प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस नए दृष्टिकोण का एक उल्लेखनीय उदाहरण जसपाल राणा जैसे प्रशिक्षकों को शामिल करना है, जिन्होंने मनु भाकर के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह सुनिश्चित करने का मतलब है कि भाकर के पास पेरिस में उनका भरोसेमंद कोच है, इसका मतलब है कि वह एक परिचित और आरामदायक माहौल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती हैं। इसी तरह, बैडमिंटन में, मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद के साथ कोच प्रकाश पादुकोण और विमल कुमार का होना सुनिश्चित करता है कि पीवी सिंधु जैसे एथलीटों को निरंतर समर्थन मिले। सिंधु ने सार्वजनिक रूप से अपने प्रदर्शन पर पादुकोण के प्रभाव को स्वीकार किया है और इस तरह की विशेष कोचिंग के महत्व पर प्रकाश डाला है।

रियो 2016 की दर्दनाक स्मृति, जहां पहलवान विनेश फोगाट को चोट लगने के बाद पर्याप्त चिकित्सा सहायता के बिना छोड़ दिया गया था, एक अच्छी तरह से तैयार सहायता टीम के महत्व को रेखांकित करती है। इस बार, भारत की टुकड़ी में ऐसी कठिनाइयों से बचने और यह सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत मेडिकल टीम शामिल है कि एथलीटों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल तक तत्काल पहुंच हो। सुधार का एक अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र उपकरण और परिधान की गुणवत्ता है। अतीत में, भारतीय एथलीटों को घटिया जर्सियों के साथ समस्याओं का सामना करना पड़ा था जो प्रतियोगिता के दौरान टिक नहीं पाती थीं। इस वर्ष, जेएसडब्ल्यू के वस्त्र भागीदार और प्यूमा के जूते उपलब्ध कराने के साथ, इन समस्याओं का समाधान किया गया है। एथलीटों के पास अब उच्च गुणवत्ता वाले गियर होंगे, जो उनके आराम और प्रदर्शन में योगदान देंगे। खेल वैज्ञानिक एथलीटों को प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने, प्रशिक्षण, पुनर्प्राप्ति और प्रदर्शन अनुकूलन में अंतर्दृष्टि प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालाँकि खेल वैज्ञानिकों का एकीकरण अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है, लेकिन उनकी उपस्थिति से सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। ध्यान दीर्घकालिक एथलीट विकास पर है, इस समझ के साथ कि देर से किए गए हस्तक्षेप से भी फर्क पड़ सकता है। विवाद के बावजूद, वास्तविकता यह है कि इस साल का ओलंपिक सपोर्ट स्टाफ पेरिस की यात्रा का आनंद ले रहे नौकरशाहों का समूह नहीं है। इसके बजाय, सहायता टीम के लगभग 120 सदस्य सीधे तौर पर एथलीटों की तैयारी और प्रदर्शन में शामिल होते हैं। यह बदलाव मान्यता के योग्य है और इसे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) द्वारा एक सकारात्मक कदम के रूप में उजागर किया जाना चाहिए।

# किसी भी चुनौती के लिए मैं मानसिक रूप से हमेशा तैयार रहती हूं: दीप्ति शर्मा



**दांबुला।** ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, जिन्होंने पाकिस्तान पर भारत की सात विकेट की आसान जीत में 3-20 विकेट हासिल कर 2024 महिला एशिया कप की शानदार शुरूआत की, ने कहा कि मैच के दौरान उनकी मानसिकता ऐसी थी और वह अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती के लिए हमेशा तैयार रहती हैं। रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने पाकिस्तान को सिर्फ 108 रन पर आउट कर दिया, जिसमें दीप्ति शीर्ष गेंदबाज रहीं। दीप्ति ने 'बीसीसीआई महिला' एक्स हैंडल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, हमें वास्तव में अच्छा लगा क्योंकि हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में लंबे समय से इस पर काम कर रहे हैं। निजी तौर पर यह बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि मैंने योजना के मुताबिक गेंदबाजी की। दीप्ति ने कहा, मेरे सामने आने वाली किसी भी चुनौती के लिए मानसिकता हमेशा तैयार रहती है। जब आप पहले से ही किसी भी चीज के लिए तैयार होते हैं तो गेंदबाजी करते समय कुछ चीजें आपके लिए आसान लगने लगती हैं। कार्यान्वयन के लिए, मेरे दिमाग में यह था कि परिस्थितियों के अनुसार और विकेट कैसा व्यवहार करेगा, उसके अनुसार गेंदबाजी करूं। मैंने सही क्षेत्रों में गेंदबाजी की, इसलिए यह वास्तव में अच्छा लगा। दीप्ति, जिन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी लिया, ने कहा कि भारत की जीत में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया जाना उनके लिए दोहरी खुशी का क्षण था। जब मैं मैच से पहले अभ्यास में गेंदबाजी करती हूं, तो इससे मैच की पहली गेंद फेंकने से पहले दिमाग को तैयार रखने और आत्मविश्वास हासिल करने में बहुत मदद मिलती है। उन्होंने कहा, प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त करना एक अद्भुत एहसास था क्योंकि आप हमेशा टीम को जीत दिलाने के तरीकों की तलाश में रहते हैं। मैं हमेशा टीम को विजयी बनाने में योगदान देने की कोशिश करती हूं और इसके लिए पुरस्कार मिलने से दोहरी खुशी मिलती है। दस साल से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बाद, दीप्ति ने कहा कि उनके लिए एकमात्र बदलाव निर्णय लेने में त्वरित होने की उनकी क्षमता है।

मैं 19 साल की उम्र में आयी थी और अब मुझे लगता है कि मुझे बहुत सारे मैच खेलने का अनुभव मिल गया है - जैसे कि आपको मैच में किस तरह की गेंदें फेंकनी हैं और चुनौतियों का सामना करने पर कैसे प्रतिक्रिया देनी है।

मानसिकता भी बहुत बदल गई है, जैसे खेल और उससे जुड़ी चीजों के बारे में सोचना।

# थाना मसूरी क्षेत्र में धौलाना विधायक व एडिसनल कमिश्नर ने किया पौधरोपण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निर्धारित 35 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य के तहत गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में 800 पौधों का रोपण किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, एसीपी नरेश कुमार, थाना मसूरी प्रभारी नरेश शर्मा, पत्रकार साथी और स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौजूद थे।

विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने कहा, हम सभी को पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए ताकि हमारा भारत हरा-भरा रहे और हम लोग बीमारियों से दूर रहें।

एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने कहा, थाना मसूरी में पौधे लगाए जाएंगे और उनकी देखभाल थाना इंचार्ज और थाने के सिपाही करेंगे। एलएमसी जमीन और नहर की पटरी पर लगाए गए पौधों की देखभाल सभी क्षेत्रवासियों को करनी चाहिए। अगर हम फलदार और छायादार पौधे लगाते हैं, तो हमें फल भी मिलेंगे और छाया भी मिलेगी, जिससे वातावरण भी सही रहेगा।

एसीपी नरेश कुमार ने कहा, हम सभी को मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यह कदम उठाना चाहिए ताकि प्रदूषण और गर्मी से राहत मिल सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाना है, बल्कि स्थानीय लोगों को पौधरोपण और उनकी देखभाल के महत्व के बारे में जागरूक करना भी है। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने इस अभियान की सराहना की। पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के इस प्रयास में स्थानीय निवासियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# श्रीराम पार्क में किया गया पौधरोपण कार्यक्रम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर सेक्टर 9 के श्रीराम पार्क में शनिवार को पौधरोपण का कार्य किया गया जो काफी बड़े स्तर पर किया गया। इस शुभ अवसर पर, सेक्टर 9 चौकी प्रभारी विपिन चौधरी सेक्टर 3 चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह, अनिल राघव, मनोज कुमार दीवान, टेकचंद दरोगा, कोमल कुमार, रंधावा फैमिली, कुसुम गोयल सरस्वती विद्या मंदिर के बहुत सारे बच्चों ने पौधरोपण में चार चांद लगा दिए। नगर निगम उद्यान विभाग के सभी माली, जिन्होंने बहुत मेहनत की। पार्षद भाई प्रवीण चौधरी के नेतृत्व में कार्यक्रम बेहद सफल एवं बहुत सुंदर रहा।

## जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने शनिवार को सेंट थॉमस स्कूल, इंदिरापुरम में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में निःशुल्क रक्त परीक्षण, नेत्र जांच और दंत चिकित्सा जांच शामिल की गईं। शिविर में स्कूल के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया और लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर में जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के साथ निम्नलिखित लोगों और संगठनों ने सहयोग किया: प्रियंका राय (सचिव) जिजीविषा सोशल वेलफेयर सोसाइटी रेव. फादर बिजू डैनियल (अध्यक्ष)- सेंट थॉमस स्कूल, इंदिरापुरम वी. के. कुरियाकोस (प्रधानाचार्य)- सेंट थॉमस स्कूल। रक्त परीक्षण बायोसिटी हेल्थ केयर द्वारा किया गया। नेत्र जांच ओम आई एंड गायनी सेंटर द्वारा की गई दांतों की जांच क्लोव डेंटल द्वारा की गई।

# पार्षद प्रीति जैन ने लोगों के साथ मिलकर किया पौधरोपण





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पौधरोपण अभियान के तहत इंदिरापुरम के वार्ड 99 की पार्षद प्रीति जैन व पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने वैभव खंड निवासियों द्वारा मां के नाम से पेड़ लगाने की भाजपा द्वारा पहल एक सराहनीय कार्य है। इस अभियान में अमरूद, आम, जामुन, गुलमोहर, बिजोलिया आदि पौधे का रोपण किया गया। सभी निवासियों ने अपनी मां के नाम से पेड़ लगाए और व्यक्तिगत रूप से उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर सतबीर शर्मा जेके मित्तल, मुनेश जैन, अंजू, सोनम, शोभा मित्तल आदि लोग उपस्थित रहे। ऐसे सामूहिक प्रयास न केवल पर्यावरण के लिए लाभदायक होते हैं बल्कि समुदाय की एकता और सहयोग की भावना को भी प्रकट करते हैं।

# गाजियाबाद में होटल रिवर हाईट्स में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## 2 महिलाओं का रेस्क्यू, पुलिस ने सनराइज गेस्ट हाउस को बंद कराया, होटल संचालक गिरफ्तार



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में होटल रिवर हाईट्स में पुलिस ने शनिवार को छापा मारकर देह व्यापार होता हुआ पकड़ा। निवाड़ी पुलिस ने अभियान चलाकर सात होटलों पर छापेमारी की। पुलिस ने देह व्यापार के लिए लाई गई दो महिलाओं का रेस्क्यू कर होटल संचालक सोनू को गिरफ्तार किया। होटल संचालक सोनू से पूछताछ के बाद पुलिस को बताया कि बेरोजगार महिलाओं को काम दिलाने का झांसा देकर उनसे देह व्यापार कराया जाता था। इसके अलावा एक अन्य होटल को भी बंद कराया गया है।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि निवाड़ी के अबूपुर गांव में अभियान चलाकर सात होटलों पर छापेमारी की। छापे के दौरान अबूपुर गांव स्थित होटल रिवर हाईट्स (ओयो) में देह व्यापार चलता मिला। छापे के दौरान वहां भगदड़ मच गई। संचालक सोनू पुत्र नरेश निवासी उमेश विहार मोदीनगर पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। होटल में देह व्यापार के लिए लाई गई दो महिलाएं मिली। मौके से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई।

### बंद कराए गए होटल

इसके अलावा पुलिस ने छह अन्य होटलों पर भी छापा मारा। निवाड़ी रोड स्थित होटल सनराइज गेस्ट हाउस (ओयो) में मानकों की धज्जियां उड़ाई जा रही थी। यहां बिना पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज लिए ही कमरे बुक किए जा रहे थे।

एसीपी ने बताया कि होटल सनराइज गेस्ट हाउस को बंद कर दिया गया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि होटल रिवर हाईट्स में देह व्यापार चलता मिला। वहां से दो महिलाओं का रेस्क्यू किया गया। इसके अलावा संचालक सोनू को गिरफ्तार कर लिया। वहीं निवाड़ी रोड स्थित होटल सनराइज गेस्ट हाउस में बिना प्रमाणपत्र लिए कमरे बुक करने पर होटल को बंद कर दिया गया।

# माता-पिता, गुरु और अतिथि की सेवा करने वाले दुखी नहीं रहते : बीके शर्मा हनुमान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अपने मुखारविंद से वाणी की वर्षा करते हुए कहा कि अपनी महत्ता के कारण गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा पद दिया गया है।

बीके शर्मा हनुमान ने यह भी बताया कि मां पृथ्वी से बड़ी, पिता आकाश से ऊंचा है। माता-पिता से बढ़कर संसार में कोई तीर्थ देवता या गुरु नहीं है। जो संस्कार माता-पिता से प्राप्त होते हैं वह संस्कार अन्य किसी से भी प्राप्त नहीं हो सकता। माता-पिता की सेवा से ही समस्त तीर्थों की यात्रा का पुण्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर डॉ एके जैन, डॉ मिलन मंडल, डॉ एसपी गुप्ता, डॉ आरपी शर्मा, डॉ सुबोध त्यागी, डॉ नूर मोहम्मद, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ विनीत कुमार शर्मा, डॉ केपी सरकार, डॉ बी पी सिंह, डॉ देवाशीष ओझा, डॉ निशा चौधरी, डॉ सुभाष शर्मा, डॉ दिलीप कुमार, डॉ बिल्लू कुमार प्रजापति, डॉ देवेंद्र कुमार, डॉ एन एस तोमर, डॉ फरहा खान, डॉक्टर फुरकान अली, डॉ श्याम लाल सरकार, डॉ सपन सिकदर, डॉ श्रीकांत मलिक, डॉ उस्मान अली, डॉ सुनीता बहल, डॉ एस निशा, वरिष्ठ समाजसेवी विनीता पाल, नदीम चौधरी, आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# धर्म की रक्षा के लिए श्रीराम और श्रीकृष्ण ने लिया अवतार : पं. संजीव शर्मा

**भागवत कथा में श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई, झांकी भी सजाई**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का प्रसंग श्रद्धालुओं ने अपार श्रद्धा के साथ सुना। चौथे दिन भागवत कथा में मुख्य यजमान के रूप के डॉ सत्य प्रकाश गोस्वामी ने श्रीमद्भागवत की आरती की। भागवत कथा के चौथे दिन पण्डित संजीव शर्मा ने कहा कि वास्तविक सुख श्रीकृष्ण की आराधना में है भौतिक संसाधनों में नहीं। इसलिए हमें ईश्वर भक्ति करनी चाहिए। जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है। इसलिए जीवन को जीना सीखो। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शनिवार को राम व कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक पण्डित संजीव शर्मा ने बताया कि कंस के अत्याचारों से त्रस्त मथुरा वासियों की पुकार सुनकर देवकी के आठवें पुत्र के रूप में कृष्ण ने अवतार लिया। कृष्ण ने कंस को मारकर माता-पिता को कारागार से मुक्त कराया और नाना को मथुरा के सिंहासन सौंप दिया। राम जन्म का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि राम विष्णु भगवान के सातवें अवतार थे। कथा में केवट प्रसंग, भरत मिलन, मारीच वध, सुग्रीव व राम की मित्रता आदि का वर्णन भी किया।

### सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे

कथा के दौरान योगीराज भगवान कृष्ण के जन्म की झांकी भी निकाली गई। पालने में बैठे बाल कृष्ण को महिलाओं ने झूला झुलाया और चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूरा भावगत स्थल नन्द के आनन्द भयो जय कन्हैयालाल की जयघोषों से गूंज उठा। चौथे दिन की कथा के समापन पर भक्तों ने मिलकर आरती की और इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।




# किस टू-स्टार का लिखा है दो जगह नाम



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक टू-स्टार की कहानी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। सुनने में आ रहा है कि चौकी से थाने पर पहुंचने के बाद उनका गुलदस्ता शो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इलाके के लोगों के बीच उनकी स्वागत वाली महिला स्पेशल फोटो खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। सूत्र बताते हैं कि पहले वह सिटी की जिस चौकी पर थे, वहां उन्होंने नाम लिखवाने में लंबी देरी कर दी थी। इसी बीच चौकी पर नाम लिखवाया तो कुछ ही दिन बाद एक में थाने के प्रभारी बन गए। थाने में जाने के बाद उन्होंने वहां पर भी अपना नाम लिखवा लिया लेकिन उनकी पुरानी चौकी पर भी अभी उन्हीं का नाम लिखा हुआ है। अब कहने वाले कह रहे हैं कि नए चौकी प्रभारी ने शायद इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया और पुराने वाले ने भी यहां से जाने के बाद कुछ अता-पता नहीं किया होगा। इसी वजह से अब मामला यू है कि बीते दिनों एक उनका पुराना मामले का पीड़ित पहुंचा, उसने नाम लिखा देखा तो चौकी के स्टाफ से जानकारी करने लगा। चौकी वालों ने बताया कि यहां से तो तबादला हो गया है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि नाम लिखवाने के लिए नए चौकी प्रभारी को थाने के प्रभारी ने भी कुछ दिन पहले बोला था, लेकिन कार्य की व्यस्तता या अन्य किसी कारण से चौकी प्रभारी ने भी यहां पर अपना नाम नहीं लिख पाए हैं। वैसे सुनने में आ रहा है कि नए वाले इतने बिजी रहते हैं कि वारदात होने पर वो चौकी का सीयूजी नंबर भी नहीं उठाते हैं। बताया जा रहा है वैसे भी चौकी प्रभारी अंदर ट्रांसफर हैं, इसलिए नाम लिखवाने पर उनका ज्यादा फोकस नहीं है। सूत्र बता रहे हैं कि यह चौकी कमिश्नरेट सिस्टम की उस लाइन और खास कार्यालय से चंद कदमों की दूरी पर है, जिसे गाजियाबाद की सबसे खास रोड के नाम से भी जाना जाता है। दिन हो या रात उस रोड पर ठेली सबसे बड़ी टेंशन बताई जाती है। कुल मिलाकर अब मामला यह निकालकर आ रहा है कि एक टू-स्टारा का नाम दो जगह लिखा हुआ है। क्या अधिकारी लोग बिल्कुल ही ध्यान देने वाले नहीं हैं। एक थाने पर और एक चौकी पर सुनने में यह अजीब लग रहा होगा लेकिन कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद सिटी जोन का यह मामला सच है। देखना होगा चौकी प्रभारी के नाम लिखने का आदेश और इस पर अमल कौन करवाता है या मामला कमिश्नरेट की तरह यूं ही गोलमोल चलता रहेगा।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ एमडीपी का आयोजन









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं आई.एम.एस. गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के संयुक्त तत्वावधान में एक मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय एचआर एनालिटिक्स फॉर इफेक्टिव डिसिशन मेकिंग रहा। जिसका उद्देश्य कॉर्पोरेट से उपस्थित लोगों को ह्यूमन रिसोर्सेस एवं प्रभावी रूप से निर्णय लेने के बारे में बताना एवं उससे सम्बंधित महत्वपूर्ण बातों को समझाना रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता दीपक कुमार (एनालिटिक्स प्रैक्टिशनर), राकेश सेठ (चीफ मेंटर एचआर, शोसियस) एवं मैनेजमेंट विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा रस्तोगी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों द्वारा वक्ताओं से प्रश्न भी पूछे गए जिनके जवाब वक्ताओं द्वारा दिए गए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मयंक पांडेय, डॉ. संध्या शर्मा डॉ. तृप्ति सिंह एवं प्रो. आशीष भटनागर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. इंदिरा प्रियदर्शनी एवं डॉ. गौरी शंकर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रो. मयंक पांडेय द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।

### चार सत्र में विभाजित किया गया कार्यक्रम

कार्यक्रम को चार सत्रों में विभाजित किया गया। जिसमें प्रथम सत्र का विषय एचआर एनालिटिक्स इन बिजनेस रहा। द्वितीय सत्र में व्यवसाय में मानव संसाधन विश्लेषण की विकासवादी प्रक्रिया के बारे में चर्चा की। तृतीय सत्र में मानव संसाधन डेटा प्रबंधन और विश्लेषण के बारे में विस्तार से बताया गया एवं चतुर्थ सत्र में मानव संसाधन के विश्लेषण उपकरण के अनुप्रयोगों के बारे में समझाया। इसके आलावा मानव संसाधन को समझाते हुए उन्होंने कहा कि मानव संसाधन किसी भी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण परिसंपत्ति होते हैं, क्योंकि किसी भी संगठन में प्रमुख कार्यप्रवाह उसके कार्यवल के प्रदर्शन और दक्षता पर निर्भर होता है। इसलिए, किसी भी संगठन के लिए मानव संसाधन बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि संगठन के सिद्धांतों को बनाए रखा जा सके और दुविधाओं, विवादों और संघर्षों के बिना विकास के वांछित उद्देश्य को पूरा किया जा सके। इसी कारण सभी को मानव संसाधन के बारे में जानना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। कार्यक्रम में दिल्ली एनसीआर के शैक्षणिक समुदाय, औद्योगिक एवं रिसर्च स्कोलर से 40 से अधिक लोगों ने पंजीकरण किया एवं कार्यक्रम में भाग लिया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पौधरोपण को मां से जोड़कर अभियान को आत्मीय बनाया: मदन राय





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने शनिवार को राजेंद्र नगर सेक्टर 5 ब्लॉक 3 हरे कृष्णा पार्क में आरडब्ल्यूए के साथ पौधरोपण किया। पार्षद मदन राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पौधरोपण को माँ से जोड़कर अभियान को आत्मीय बनाया है। जल, जंगल, जमीन हमें प्रकृति से जोड़ते हैं, और मानवता के मूल गुणों को प्रोत्साहित करते हैं। जंगलों के नष्ट होने और अनियंत्रित प्रदूषण के परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि हुई है, जिसकी पूर्ति पौधे लगाने से ही हो सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पौधरोपण को माँ से जोड़कर अभियान को सभी के लिए आत्मीय और व्यक्तिगत बनाया है। माँ के नाम पर पौधा लगाना भारतीय संस्कृति को नमन है। प्रधानमंत्री मोदी के आहवान के अनुसार सिर्फ पौधा ही नहीं लगाना, अपितु पाँच फीट का होने तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी हमें वहन करनी है। इस अवसर पर शशि लंबा, जेपी गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।

# एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी पर्यावरण के प्रति जागरूक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उ.प्र. सरकार द्वारा शनिवार को पूरे प्रदेश मे वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराया गया। इसी क्रम मे जनपद गाजियाबाद में ए.आर.टी.ओ. राजेश्वर कुशवाहा की उपस्थिति में एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी (सुन्दर दीप) के प्रांगण मे वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र/छात्राओं, अध्यापक/अध्यापिकाओं और समस्त स्टाफ ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया क्योंकि एस.डी.जी.आई. ग्लोबल यूनिवर्सिटी पर्यावरण के प्रति प्रारम्भ से जागरूक रही है। इस कार्यक्रम मे प्रशासनिक अधिकारी सुभाष शर्मा जी, ईश्वर दयाल राय, सी.एस.ओ. प्रभात शर्मा, सतीक्षा अग्रवाल, अनुज शर्मा, गौरव सचान एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# माननीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने किया आरआरटीएस परियोजना का दौरा

## साहिबाबाद स्टेशन से दुहाई डिपो तक की नमो भारत ट्रेन में यात्रा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** माननीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू जी ने आज देश की पहली आरआरटीएस परियोजना का दौरा करते हुए तेज रफ्तार नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उनके साथ मौजूद रहे। इस यात्रा की शुरूआत एनसीआरटीसी के मुख्यालय गति शक्ति भवन, आईएनए दिल्ली से हुई, जहां साहू जी को एनसीआरटीसी की ओर से दिल्ली से मेरठ के बीच में देश की पहले रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम के कार्यान्वयन की अब तक की प्रगति व परियोजना की अन्य विशेषताओं को प्रेजेंटेशन के जरिए दिखाया गया। इस दौरान एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि परियोजना का क्रियान्वयन सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तय समयसीमा के भीतर किया जा रहा है। माननीय मंत्री जी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के लिए उठाए जा रहे कदमों को भी समझा। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर आरआरटीएस निर्माण किया जा रहा है और इसी मार्ग पर कुछ ही दिन में काँवड़ यात्रा भी शुरू होने वाली है। इस यात्रा की सुगमता के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में भी अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया।

इसके बाद वह साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने स्टेशन पर कार्यरत महिला स्टेशन कंट्रोलर व अन्य स्टाफ से नमो भारत ट्रेन यात्रा को सुगम बनाने में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जाना। इसके बाद वह साहिबाबाद स्टेशन से नमो भारत ट्रेन से दुहाई डिपो पहुंचे। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नमो भारत ट्रेन जो अधिकतम 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है और अब तक 17 लाख से अधिक यात्री इसका लाभ उठा चुके हैं। इसके साथ ही उन्हें, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नमो भारत ट्रेन में विशेष प्रीमियम कोच, सामान रखने की रैक की सुविधा, हर सीट पर मोबाइल चार्जिंग सुविधा, दिव्यागों के लिए व्हीलचेयर के विशिष्ट स्थान, फूड वेंडिंग मशीन और आपातकालीन चिकित्सा पारगमन के लिए स्ट्रेचर के स्थान के प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।

### परियोजना के क्रियान्वयन में अत्याधुनिक तकनीकों का हो रहा प्रयोग

इसी श्रृंखला में, उन्होंने दुहाई डिपो की वर्कशॉप और इंस्पेक्शन-बे-लाइन (आईबीएल) को देखा और वहां काम कर रहे कर्मियों से मुलाकात कर उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्होंने दुहाई डिपो स्थित सेंटर फॉर इनोवेशन, 'अपरिमित' का भी दौरा किया तथा अत्याधुनिक एआर-वीआर लैब को देखा। परियोजना के क्रियान्वयन, परिचालन दक्षता तथा प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए वर्चुअल रिएलिटी, ऑग्मेंटेड रिएलिटी, बिल्डिंग इन्फॉर्मेशन मॉडलिंग आदि जैसी कई उन्नत तकनीकों का उपयोग एनसीआरटीसी कर रहा है। इस परियोजना के क्रियान्वयन में कई अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है, इनमें से कई तकनीक ऐसी हैं जिनका न सिर्फ भारत में बल्कि विश्व में भी पहली बार प्रयोग किया जा रहा है, जो मेक-इन-इंडिया के अंतर्गत लागू किया जा रहा है एवं अन्य परियोजनाओं द्वारा अनुकरणीय है। यह माननीय प्रधानमंत्री के मेक-इन-इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करता है। इस बीच उन्होंने दुहाई डिपो परिसर में पौधा रोपण भी किया।

# बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन: अब तक 105 लोगों की मौत

## सेना के हाथ में सौंपी गई कमान, देशभर में कर्फ्यू









### भारतीय उच्चायोग बीएसएफ के साथ मिलकर कर रहा मदद

### स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे कुछ लोग: हर्षवर्धन श्रृंगला

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण को लेकर हिंसा तेज होने के बाद शुक्रवार को देशभर में कर्फ्यू लगा दिया और सेना तैनात कर दी गई। प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रेस सचिव नईमुल इस्लाम खान ने कहा कि देश में किसी तरह की रैली, जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में अब तक 105 लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 52 मौतें केवल राजधानी ढाका में शुक्रवार को हुईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग की और आंसुगैस के गोले भी दागे। देश में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद हैं। हालात पर काबू पाने के लिए 15 वर्षों से सत्ता में बनी प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है। कई दिनों से जारी हिंसा को रोकने में पुलिस के विफल रहने के बाद सेना को तैनात करना पड़ा है। दरअसल पुलिस कई दिनों से देश भर में जारी हिंसा को रोकने में विफल रही। छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में अब तक 105 लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 52 मौतें केवल राजधानी ढाका में शुक्रवार को हुई हैं। इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद हैं। नईमुल इस्लाम ने बताया कि सरकार ने लोगों की सहायता के लिए सेना तैनात करने और कर्फ्यू लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कर्फ्यू तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। स्थित पर काबू पाने के लिए 15 वर्षों से सत्ता में बनी प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।

## बांग्लादेश से 245 भारतीय स्वदेश लौटे, 125 छात्र शामिल

हिंसाग्रस्त बांग्लादेश से शुक्रवार रात 8 बजे तक 245 भारतीय भारत लौटे हैं। इनमें 125 छात्र भी हैं। भारतीय उच्चायोग ने 13 नेपाली छात्रों की वापसी में भी मदद की। उच्चायोग बीएसएफ, आव्रजन ब्यूरो के साथ समन्वय कर भारतीय नागरिकों की वापसी में मदद कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस बीच, भारतीय रेलवे ने भी शनिवार को कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस और को कोलकाता-खुलना के बीच चलने वाले बंधन एक्सप्रेस को रद्द कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश में नौकरियों में आरक्षण प्रणाली को समाप्त करने की मांग को लेकर बांग्लादेश में इन दिनों हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। जिसके कारण इन ट्रेन सेवाओं को रद्द किया गया है। इन प्रदर्शनों के चलते कई जगहों पर सामान्य जीवन प्रभावित हुआ है। पूर्वी रेलवे के एक अधिकारी ने परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा कि 13108 कोलकाता-ढाका मैत्री एक्सप्रेस शनिवार को रद्द रहेगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन के डिब्बों की उपलब्धता अनिश्चित होने के कारण 13129/13120 कोलकाता-खुलना बंधन एक्सप्रेस सेवाएं रविवार को रद्द रहेंगी। वहीं, भारतीय उच्चायोग उन छात्रों को सुविधा प्रदान कर रहा है, जो बांग्लादेश से भारत वापस आ रहे हैं। इसके लिए वह बीएसएफ, आप्रवासन ब्यूरो और बांग्लादेश के स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। उच्चायोग के मुताबिक, भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा क्रॉसिंग बेनापोल-पेट्रोपोल, गेदे-दर्शना और अखौरा-अगरतला छात्रों और भारतीय नागरिकों को देश लौटने के लिए खुले रहेंगे।



# पाकिस्तान में नहीं थम रहे पोलियो के मामले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियों को खत्म करने के प्रयासों को शनिवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब इस बीमारी का नौंवा मामला सामने आया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ताजा मामला ब्लूचिस्तान प्रांत के झोब जिले में दर्ज किया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, झोब के हसनजई इलाके में डेढ़ साल के मासूम में पोलियो का मामला दर्ज किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समन्वयक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल पोलियो वायरस से नौ बच्चे प्रभावित हुए हैं।

**सरकार ने बच्चों को खुराक दिलवाने की अपील की**

**'2024 में छह पोलियो रोधी अभियान चलाए' :** पोलियो अभियान पर प्रधानमंत्री की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक आयशा रजा फारूक ने लोगों से अपने बच्चों को पोलियों की खुराक दिलवाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी को रोकने का एकमात्र तरीका पोलियो खुराक है। पोलियों के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय आपातकालीन संचालन केंद्र के समन्वयक मुहम्मद अनवर उल हक ने कहा, पाकिस्तान सरकार ने इस साल छह पोलियो-रोधी अभियान चलाए। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से बच्चों को बचाने के लिए विभिन्न रणनीतियां अपनाई जा रही हैं।

ताजा मामला ऐसे समय में सामने आया है जब एक महीने पहले प्रधानंत्री शहबाज शरीफ ने बिल एंड मलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स से मुलाकात की और देश से पोलियो को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**पाकिस्तान-अफगानिस्तान में पोलियो के मामले :** इस दौरान शरीफ ने कहा था, हम पोलियो के खिलाफ लड़ाई में साझेदारी और सहयोग के लिए गेट्स फाउंडेशन और वैश्विक भागीदारों के आभारी हैं। हम पोलियो को खत्म करने, प्रौद्योगिकी के जरिए सार्वजनिक वित्त समावेशन सुनिश्चित करने, लिंग अंतर को पाटने और अवसरों का का लाभ उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के एकमात्र ऐसे देश हैं, जहां पोलियो की बीमारी अभी बी बनी हुई है।

# चीन में बाढ़ का कहर : पुल ढहने से 12 लोगों की मौत, 60 लापता





**बीजिंग।** चीन के शांक्सी प्रांत में अचानक बाढ़ से राजमार्ग पर स्थित एक पुल के आंशिक रूप से ढह गया। जिसके कारण लगभग 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है कि लगभग 60 से अधिक लोग लापता हैं। वहीं बचाव दल को भी भेजा गया है।

चीनी सरकारी के अनुसार शांग्लुओ शहर के झाशुई काउंटी में स्थित यह पुल शुक्रवार शाम को अचानक हुई बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण ढह गया। पुल ढहने के कारण कुछ वाहन पुल के नीचे जिन्कियन नदी में गिर गए। पुल ढहने में शामिल वाहनों की सही संख्या का अभी पता लगाया जा रहा है। शनिवार सुबह तक 12 लोगों की मौत की अधिकारियों ने पुष्टि की। 60 से अधिक लोग लापता हैं। आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय के अनुसार, बचाव प्रयासों का मार्गदर्शन करने के लिए एक दल भेजा गया है। चीन की राष्ट्रीय व्यापक अग्निशमन एवं बचाव दल ने बचाव कार्य करने के लिए 736 लोगों, 76 वाहनों, 18 नावों और 32 ड्रोन को भेजा है। उन्होंने यह भी बताया कि बचाव दल ने नदी में गिरे पांच वाहनों को बरामद कर लिया है और बचाव अभियान जारी है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पुल के ढहने के बाद लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए व्यापक बचाव और राहत प्रयास करने का आग्रह किया।

**अचानक हुई बारिश और बाढ़ के कारण ढह गया पुल**

**पुल ढहने में शामिल वाहनों की संख्या का पता लगाया जा रहा है**

पुल ढहने के कारण 60 से अधिक लोग लापता हैं। मंगलवार से, उत्तरी और मध्य चीन के बड़े हिस्से भारी बारिश से जूझ रहे हैं, जिससे बाढ़ आई है और काफी नुकसान हुआ है। इससे पहले शुक्रवार को, राज्य मीडिया ने बताया कि शानक्सी के बाओजी शहर में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन के बाद कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और आठ लोग लापता हैं।

सीएनए ने बताया कि कथित तौर पर, चीन में भीषण गर्मी पड़ रही है, पूर्व और दक्षिण में भारी बारिश हो रही है, जबकि उत्तर का ज्यादातर हिस्सा लगातार गर्मी की लहरों से झुलस रहा है। इस महीने की शुरूआत में, पूर्वी चीन में लगभग सवा लाख लोगों को निकाला गया था क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई थी और यांग्त्जी और अन्य नदियाँ उफान पर थीं, राज्य मीडिया ने बताया। शिन्हुआ के अनुसार, तूफान ने अनहुई प्रांत में 991,000 निवासियों को प्रभावित किया था और 242,000 लोगों को निकालने के लिए मजबूर किया गया था।

**बचाव कार्य के लिए 736 लोगों, 76 वाहनों, 18 नावों और 32 ड्रोन को भेजा गया है**

### रात को ढहा पुल

प्रांतीय प्रचार विभाग ने बताया कि शांग्लुओ शहर के झाशुई काउंटी में स्थित पुल अचानक भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण शुक्रवार रात करीब 8 :40 बजे ढह गया। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार सुबह 10 बजे तक बचाव दल ने नदी में गिरे पांच वाहनों को बरामद कर लिया था।

# पाक में कम हुई मुस्लिमों की आबादी जनगणना में आए चौंकाने वाले आंकड़े



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मुस्लिमों की संख्या कम होती जा रही है। जबकि हिंदुओं की आबादी बढ़ रही है। 38 लाख से ज्यादा आबादी के साथ हिंदू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय बन गया है। राष्ट्र में 2017 में हिंदुओं की आबादी 35 लाख थी। पाकिस्तन सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को सातवीं जनगणना और आवास जनगणना के 2023 के आंकड़े जारी किए। इसके मुताबिक देश की जनसंख्या 2023 में 240,458,089 दर्ज की गई।

वहीं जनगणना के आंकड़ों में मुस्लिम आबादी में कमी आई। यहां मुस्लिमों की आबादी 2017 के 96.47 फीसदी से घटकर 2023 में 96:35 फीसदी रह गई। जबकि बीते छह सालों में अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी में इजाफा हुआ है। यहां हिंदुओं की आबादी 35 लाख से बढ़कर 37 लाख हो गई। मगर कुल जनसंख्या में हिंदुओं की हिस्सेदारी कम हुई है। इसके साथ ही अन्य अल्पसंख्यक समुदाय तेज दर से आगे बढ़े हैं।

**ईसाई बढ़े और अहमदी हुए कम :** देश में ईसाई समुदाय की आबादी 26 लाख से बढ़कर 33 लाख हो गई। इस हिसाब से ईसाइयों की कुल जनसंख्या में हिस्सेदारी 1.27 से बढ़कर 1.37 फीसदी हो गई। इसके साथ ही अहमदियों की आबादी 29053 कम हुई है। 2017 में अहमदियों की आबादी 191737 थी, जो 2023 में 162684 दर्ज की गई। यहां सिक्ख समुदाय की आबादी 15998 और पारसी की आबादी 2348 है।

### 80 फीसदी आबादी युवा

आंकड़ों में दिखाया गया है कि पाकिस्तान में 67 फीसदी लोग 30 वर्ष से कम उम्र के हैं। जबकि 80 फीसदी लोग 40 वर्ष से कम आयु के हैं। जबकि 67 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की हिस्सेदारी 3.55 फीसदी है। देश में 2017 में 66.12 फीसदी लोग विवाहित थे। 2023 में यह आंकड़ा 64.79 फीसदी हो गया। इसके अलावा देश में तलाकशुदा लोगों की आबादी में कमी आई है। इनकी आबादी 2017 के 0.42 फीसदी से घटकर 0.35 फीसदी रह गई। आंकड़ों से पता चला कि देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की आबादी में बड़ा अंतर है। पहले यह 1.88 फीसदी थी जो बाद में 3.67 फीसदी हो गई।

**2.55 फीसदी बढ़ी देश की आबादी :** आंकड़ों में देश की कुल जनसंख्या में 2.55 फीसदी इजाफा हुआ है। देश में 2017 में आबादी 20.07 करोड़ थी, जो 2023 में बढ़कर 24 .14 करोड़ हुई। इस हिसाब से 2050 तक पाकिस्तान में आबादी दोगुनी हो जाएगी।

### पीएम मोदी ने नेपाली पीएम को भेजा बधाई संदेश, कहा-

# नेपाल भारत की पड़ोस प्रथम नीति के तहत एक विशेष मित्र और साझेदार

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देश नेपाल के नए प्रधानमंत्री केपी शर्मा को शुक्रवार को बधाई संदेश भेजा। पीएम मोदी ने अपने संदेश में कहा कि हमारी साझेदारी ने सहयोग के नए रास्ते खोले हैं। साथ ही वादा किया कि उनकी सरकार आर्थिक समृद्धि की दिशा में हिमालयी देश की दृढ़ साझेदार रहेगी।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम ओली के नेतृत्व और बहुमूल्य अनुभव से दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग लोगों के लाभ के लिए सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नेपाल भारत की पड़ोस प्रथम नीति के तहत एक विशेष और प्राथमिकता वाला साझेदार बना हुआ है। ओली ने 15 जुलाई को नेपाल के 45वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह उनका चौथा कार्यकाल है। ओली के नेतृत्व वाली नई सरकार के सामने देश में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती है।

पीएम ओली के सचिवालय के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को मजबूत कर और सहयोग के नए अवसरों की खोज करके नेपाल की आर्थिक समृद्धि और विकास प्राथमिकताओं की प्राप्ति में उसका दृढ़ साझेदार बने रहने के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी साझी संस्कृति, सभ्यता और खुली सीमाओं के कारण दोनों देशों के नागरिकों के बीच मजबूत संबंध स्थापित हुए हैं।

# सर्वाधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एलन मस्क ने दी बधाई



**न्यूयॉर्क।** माइक्रोब्लॉगिंग साइट के रूप में लोकप्रिय रही ट्विटर एलन मस्क के स्वामित्व में एक्स के रूप में जानी जाती है। इस सोशल नेटवर्क पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे अधिक सोशल मीडिया यूजर्स फॉलो करते हैं। सर्वाधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बनने के पांच दिन बाद प्रधानमंत्री मोदी को एक्स के मालिक एलन मस्क ने बधाई दी। 19 जुलाई की देर रात करीब 11.11 बजे (भारतीय समयानुसार) मस्क ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पीएम मोदी को टैग कर उन्हें बधाई दी।

मस्क ने कहा, सर्वाधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता होने के लिए बधाई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एक्स के मालिक का चंद शब्दों का यह पोस्ट पलक झपकते ही वायरल हो गया और महज 20 मिनट के अंदर इसे 7.75 लाख से अधिक एक्स यूजर्स ने देखा।

प्रधानमंत्री 2009 में एक्स (तब ट्विटर नाम था) से जुड़े थे। पीएम मोदी ने 100 मिलियन यानी 10 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स के साथ सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बनने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन (38.1 मिलियन), दुबई के शाह शेख मोहम्मद (11.2 मिलियन) और पोप फ्रांसिस (18.5 मिलियन) जैसे अन्य विश्व नेताओं को भी काफी पीछे छोड़ दिया। मोदी के एक्स हैंडल पर पिछले तीन साल में लगभग 30 मिलियन फॉलोअर्स बढ़े हैं। यूट्यूब पर उनके लगभग 25 मिलियन सब्सक्राइबर हैं, जबकि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 91 मिलियन फॉलोअर हैं।

### एक्स पर पीएम मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय

बता दें कि बीते 14 जुलाई को आई रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक करोड़ से अधिक फॉलोअर हैं। उनके बाद स्टार भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली (64.1 मिलियन), ब्राजीलियाई फुटबॉल स्टार नेमार जूनियर (63.6 मिलियन), अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स (52.9 मिलियन) जैसी हस्तियों का नंबर आता है।

# फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल निरंतर उपस्थिति गैरकानूनी : आईसीजे

## इस्राइल ने कहा- स्पष्ट करें कानूनी तौर पर बाध्यकारी नहीं है सलाह



**तेल अवीव।** अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश में फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल की उपस्थिति गैरकानूनी बताई है। इस पर इस्राइल ने कहा कि न्यायालय यह स्पष्ट करें कि उसकी प्रकाशित राय एक सलाहकार राय है और कानूनी तौर पर उनको बाध्य नहीं करती। इस्राइल ने इसे मौलिक रूप से गलत ठहराया।

दरअसल अंतरराष्ट्रीय न्यायालय आईसीजे ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इस्राइल निरंतर उपस्थिति गैरकानूनी है। इसे जल्द से जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उसे बस्तियों के निर्माण को तुरंत समाप्त कर, मौजूदा बस्तियों को हटाना चाहिए। इस्राइल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओरेन मार्मोरस्टीन ने कहा कि इस्राइल आईसीजे की सलाहकार राय को अस्वीकार करता है, जो इस्राइल-फिलिस्तीनी संघर्ष के बारे में दी गई थी।

इस्राइल विदेश मंत्रालय ने कहा कि दुर्भाग्य से न्यायाल की राय मौलिक रूप से गलत है। यह राजनीति और कानून को एक करती है। यह राय न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के गलियारों की राजनीति को हेग में आईसीजे के न्यायालयों में शामिल करती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह स्पष्ट होना आवश्यक है कि न्यायालय की प्रकाशित राय सलाहकारी राय है, और यह राय उन्हें कानूनी रूप से बाध्य नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इस कदम की पहल करने वाले फिलिस्तीनी प्राधिकरण की दिलचस्पी शांति में नहीं है वे इस्राइल पर कीचड़ उछालने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि शांति केवल पक्षों के बीच सीधी बातचीत के माध्यम से ही हो सकती है। ताकि फिलिस्तीनी प्राधिकरण अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरणों का रुख करके इस वास्तविकता से बच नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि आईसीजे की राय एकतरफा है।

**आईसीजे की सलाहकार राय को इस्राइल अस्वीकार करता है,**

इस्राइल विदेश मंत्रालय के ओरेन मार्मोरस्टीन ने कहा कि न्यायालय की यह राय 7 अक्तूबर को हुए अत्याचारों और अपने क्षेत्र की रक्षा करने के लिए इस्राइल की सुरक्षा अनिवार्यता को नजरअंदाज करती है। यह राय मध्य पूर्व की वास्तविकता से पूरी तरह से अलग है, जबकि हमास, ईरान और अन्य आतंकवादी संगठन सात मोर्चों से इस्राइल पर हमला कर रहे हैं। इसमें गाजा और यहूदी और सामरिया शामिल हैं। इसे मिटाने के लिए यहूदियों के सबसे बड़े नरसंहार के बाद, राय 7 अक्तूबर को हुए अत्याचारों और साथ ही अपने क्षेत्र और अपने नागरिकों की रक्षा करने के लिए इस्राइल की सुरक्षा अनिवार्यता को नजरअंदाज करती है।

उसके अलावा इसमें लिखा है कि राय उस मार्गदर्शक सिद्धांत का खंडन करती है जो कि इस्राइल और उसके पड़ोसियों के बीच आज तक हुए सभी शांति समझौतों और व्यवस्थाओं का आधार बना है।

इसके अनुसार संघर्ष का समाधान केवल पक्षों के बीच सीधी बातचीत के माध्यम से संभव होगा। उन्होंने यह भी कहा कि राय केवल संघर्ष को दूर करने की संभावना को दूर करती है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार हेग में आईसीजे के अध्यक्ष नवाफ सलाम ने शुक्रवार को फिलिस्तीनी क्षेत्र पर इस्राइल के कब्जे पर 15 न्यायाधीशों के पैनल द्वारा जारी गैर-बाध्यकारी सलाहकार राय पढ़ी। न्यायाधीशों ने नीतियों की एक विस्तृत सूची की ओर इशारा किया।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...


# पार्षद हिमांशु चौधरी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 101 पौधे रोपे



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 40 के पार्षद हिमांशु चौधरी ने एक पेड़ माँ के नाम पौधरोपण महाअभियान में 101 पौधे रोपे। पार्षद हिमांशु चौधरी ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और प्रकृति की सुरक्षा हेतु पौधरोपण महाअभियान प्रदेश समेत पूरे देश में चलाया जा रह है। इसी अभियान में गाजियाबाद कमिश्नरेट के थाना लिंक रोड के अंतर्गत रेलवे रोड चौकी द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें साहिबाबाद के वार्ड 40 के पार्षद हिमांशु चौधरी मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। पार्षद ने रेलवे रोड चौकी के पुलिसकर्मियों संग 101 पौधे रोपण किए। यह पौधरोपण कार्यक्रम छठ पूजा स्थल साइट पर साइन मंदिर के सामने किया गया, जहां पार्षद हिमांशु चौधरी ने रेलवे रोड के चौकी इंचार्ज अमित शर्मा व अन्य पुलिसकर्मियों संग आम, अमरूद, अर्जुन, पीपल और नीम के 101 पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण में अपना अहम योगदान दिया। पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया की प्रकृति की सुरक्षा के लिए इस सावन माह में हजार से अधिक पेड़ और पौधे अपने वार्ड में रोपण करेंगे व लोगो को इसके लिए प्रेरित भी करेंगे। पर्यावरण की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है और इसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाया जाएगा। इस अवसर सब इंस्पेक्टर चेतन, कांस्टेबल संजय शर्मा, बंटी, मनिंदर व स्थानीय निवासी विनेश कौशिक, राम अवतार शर्मा, मनीष त्यागी, सचिन राघव आदि उपस्थित रहे।

# मानव जीवन बचाने के लिए जरूरी है पौधरोपण : पार्षद शिल्पा चौधरी




साहिबाबाद (करंट क्राइम)। एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण की सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। एक पेड़ मां के नाम अभियान ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा।

शनिवार को वसुंधरा सेक्टर 4 स्थित सुभाष पार्क में वार्ड-61 की पार्षद शिल्पा चौधरी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधा रोपित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा पेड़ों की संख्या कम होने पर वातावरण में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

पार्षद प्रतिनिधि आशिष चौधरी ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के आह्वान पर प्रकृति को बचाने व हरा भरा रखने व आने वाली पीढ़ी का जीवन सुखमय बनाने के लिए एक पेड़ माँ के नाम पीएम नरेंद्र मोदी की अपील पर पेड़ लगाने के अभियान के अंतर्गत पार्षद वार्ड-61 शिल्पा चौधरी के द्वारा सुभाष पार्क में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आशीष चौधरी, अजीत कुमार सिंह, गंगासागर, रीता सिंह, आकाश चौधरी, हरिओम गुर्जर, हर्ष चौहान सहित नगर उद्यान कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने पुलिस के साथ मिलकर किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देशों के तहत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम शनिवार को इंदिरापुरम के वार्ड 81 में विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे गए। पार्षद धीरज अग्रवाल ने बताया कि वेंडिंग जोन शक्ति खंड 4 में जीडीए ओएसडी कनिका कौशिक, अधिशासी अभियंता मानवेंद्र सिंह, आलोक रंजन,एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, इंदिरापुरम के सातों पार्षद - धीरज अग्रवाल, राधे श्याम त्यागी, संजय सिंह, डॉ अनिल तोमर, हरीश कडाकोटी, अनुज त्यागी, प्रीती जैन, जी मंडल अध्यक्ष वृंदा चावरे, प्रयाम सक्सेना, धीरज शर्मा आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में 1000 पौधों का रोपण किया गया। एक अन्य कार्यक्रम नीति खंड 2 स्थित पुलिस चौकी पर हुआ, जिसमें पार्षद धीरज अग्रवाल चौकी इंचार्ज बृजपाल सिंह कई पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया।

# पार्षद कुसुम गोयल ने वार्ड 72 में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशाम्बी वार्ड 72 की पार्षद कुसुम गोयल ने एक पेड़ मां के नाम से अभियान के तहत शनिवार को कौशांबी सेंट्रल पार्क में पौधरोपण किया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल एवं भाजपा नेता पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल के नेतृत्व में कौशांबी के सम्मानित व्यक्तियों के सहयोग से किया गया। इस इस अवसर पर सैकड़ों पौधे लगाए गए। इन अवसर पर रीति, डॉक्टर नरेंद्र सरस्वत, दीपक गुप्ता, अवधेश कटिहार, सतीश रूस्तगी, राकेश जाखोटिया, गौरव वर्मा, कमल गुप्ता, महाराज सिंह, आनंद प्रकाश शर्मा, इंजीनियर पवन सैनी आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों में पार्षद का फूलमालाओं से स्वागत किया गया।

# क्षेत्रीय पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने थाने में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** योगी सरकार के तत्वावधान में पौधरोपण जन अभियान के तहत शनिवार को एक पेड़ मां के नाम से कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद भूपेन्द्र उपाध्याय ने लिंक रोड थाना परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने साथ में मौजूद रहे डीसीपी निमेष पाटिल, थाना प्रभारी प्रीति सिंह, रीता सिंह, पूनम श्रीवास्तव सहित पुलिसकर्मियों को भी अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर उनकी अच्छी तरह देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान मशीनी युग में प्रदूषण की समस्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ती जा रही, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे बड़ी खतरे की घंटी साबित होने के साथ ही इंसानी जीवन समेत पशु पक्षियों में भी विभिन्न



जानलेवा बीमारी फैलने का प्रमुख का कारण साबित हो रहा है। पुलिसकर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाकर उनकी अपनी संतान की तरह देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया।

# पार्षद सतेंदर चौधरी ने पुलिस के साथ मिलकर वार्ड 54 में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा वार्ड 54 के पार्षद सतेंदर चौधरी ने एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत पुलिस के साथ मिलकर पौधरोपण किया। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण दिवस पर आरंभ एक पेड़ मां के नाम अभियान ने पूरे देश में जन-अभियान का स्वरूप ले लिया है। लाखों पौधे लगाने का लक्ष्य है। यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना को जगाने की कोशिश है।

पुलिस द्वारा पौधरोपण को अपनी प्राथमिकता में शामिल करना पुलिस की पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। हर्ष का विषय है कि पुलिस जवानों के साथ उनके परिवार भी पौधरोपण को अपनी जिम्मेदारी मान रहे हैं। वसुंधरा पुलिस चौकी में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत दर्जनों पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज अंगद सिंह, अनुराग मिश्रा, मुकेश पाल, योगराज सिंह, उधम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



# पार्षद राधेश्याम त्यागी ने पौधरोपण कर लोगों को दिलाई शपथ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया शनिवार को इंदिरापुरम के बाद 57 में कई स्थानों पर पौधरोपण किया, जिसमें लोगों को शपथ दिलाई की इन पौधों की देखभाल की भी शपथ दिलाई। उन्होंने बताया अभियान के तहत सैकड़ो पौधे लगाए गए हैं, जिसमें काला पत्थर रोड डिवाइडर, मकनपुर शिव मंदिर, वहीं पुलिस प्रशासन के साथ भी कई स्थानों पर पौधरोपण किया गया।इस अवसर अंकुर त्यागी, नागेंद्र पांडेय, प्रदीप गुप्ता, संजय खंडेलवाल, नीटू ढिंगरा, राजेश जिंदल आदि लोग मौजूद रहे।

# पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने पार्क में किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीदनगर नगर वार्ड 34 की पार्षद खुर्शीदा कल्लन के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। पूर्व पार्षद हाजी मोहम्मद कल्लन ने बताया कि अप्सरा बॉर्डर जीडीए मार्केट पार्क में जन अभियान पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ एक पेड़ माँ के नाम वृक्ष लगाकर पौधरोपण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अप्सरा बॉर्डर सीमा चौकी इंचार्ज आशीष सिंह जौदान, निगम पार्षद खुर्शीदा कल्लन , मो. दानिश, मार्केट व्यापार अध्यक्ष कवलजीत सिंह सिक्का, रामनिवास गोयल, मो. हसीन पहलवान, उपाध्यक्ष, राकेश वर्मा सचिव, राज सिंह उपसचिव, सतीश चंद जैन, रामस्वरूप यादव, विजय राय, मो अजीम मंसूरी इरफान खान, सद्दाम हुसैन,हरजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पार्षद विनय चौधरी ने मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी के साथ किया पौधरोपण



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 68 बृज विहार के पार्षद विनय चौधरी व मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पोधरोपण किया गया। पार्षद विनय चौधरी ने कहा कि पुलिस इकाइयों में आयोजित एक पेड़ मां के नाम - वृहद पौधरोपण अभियान पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को प्रकृति के अधिक निकट लाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा। धरती माँ की रक्षा करने के साथ पौधे लगाकर धरती को परिपोषित करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी,पार्षद विनय चौधरी, चौकी प्रभारी रुस्तम सिंह, वीरेंद्र सिंह, यू.सी सक्सेना, सुशील सिंह, अजीत चौधरी, पुष्कर सिंह, पुष्पा, बाबू राम आदि लोग मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम दुहाई में गैरिएटिक हेल्थ कैंप का आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम दुहाई में शुक्रवार को गैरिएटिक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिला आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखा, डॉ. पूर्णिमा यादव द्वारा आयुर्वेदिक उपचार एवं परामर्श दिया गया। शुगर, बीपी की जांच एवं दवा का निशुल्क वितरण किया गया। इस कार्य को सफल बनाने में फारमासिस्ट प्रवीण पाल, सुनील योग प्रशिक्षक वंदना मिश्रा, अमित, सुशीला, राहुल, अरुण कुमार, सुभाष, महिपाल का विशेष सहयोग रहा। कैंप में 100 से अधिक मरीजों ने आयुर्वेदिक परामर्श एवं उपचार का लाभ लिया।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। एक परिवार है जहां संस्कार है जहां प्यार है और इस परिवार में जब नई कार आई तो खुशियों भरा अपार संदेश लेकर आई। गौरव शर्मा ऋतु शर्मा के लिए ये पल कुछ खास हैं। अपनी खुशी को दोनो ने फेसबुक पर साझा किया। नई कार की खुशियों वाली यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## शोक संदेश



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती कांति देवी शर्मा जी**

( धर्मपत्नी स्व. श्री राम कुमार शर्मा जी )

का स्वर्गवास बुधवार, 10 जुलाई 2024 को हो गया है।

**ब्रह्म भोज - अरष्टि एवं शोक सभा**

**रविवार,** 21 जुलाई 2024

दोपहर **12 बजे** एवं अपराह्न **3 बजे** होगी

**स्थान :** KD-123, कवि नगर, गाजियाबाद (ब्रह्म भोज) Near Kaladham Park

श्री संकट मोचन मंदिर , D Block, कवि नगर (शोक सभा)

-: शोकाकुल :-

**प्रमोद शर्मा,** वरिष्ठ पत्रकार - श्रीमती **अलका शर्मा** (पुत्र एवं पुत्र वधु)

**राहुल भारद्वाज** (NDTV) - Advocate **प्रेरणा भारद्वाज** (पौत्र एवं पौत्री)

एडवोकेट **रविंद्र कुमार शर्मा** एवं **राजेश कुमार शर्मा** (देवर)

श्रीमती **मधु शर्मा** - श्रीमती **मंजू शर्मा** - श्रीमती **अर्चना भारद्वाज** (बेटियां)

**तरुण भारद्वाज - संयम शर्मा** (भतीजे) **एवं समस्त शर्मा परिवार**

(मो. - 9811171187 - 9818721312)

InvitationIndia.in